दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। मंगलवार 15 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 368 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# भारत ने कनाडा से उच्चायुक्त वापस बुलाने का किया एलान

## निज्जर मामले में झूठे आरोपों के बीच उठाया बड़ा कदम



**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड में भारत के खिलाफ कनाडा के ताजा आरोपों के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा गया है। जिसके बाद भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों और अधिकारियों को वापस बुलाने का फैसला किया है।

कनाडा से अपने राजनयिकों को वापस बुलाने के फैसले की जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस बात पर जोर दिया गया कि उग्रवाद और हिंसा के माहौल में ट्रूडो सरकार की कार्रवाइयों ने उनकी सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। हमें उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा कनाडाई सरकार की प्रतिबद्धता पर कोई भरोसा नहीं है। इसलिए, भारत सरकार ने उच्चायुक्त और अन्य लक्षित राजनयिकों और अधिकारियों को वापस बुलाने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय से जाते समय कनाडाई मिशन के प्रभारी स्टीवर्ट व्हीलर ने कहा कि कनाडा ने भारत सरकार के एजेंटों और कनाडा की धरती पर एक कनाडाई नागरिक की हत्या के बीच संबंधों के विश्वसनीय और अकाट्य सबूत दिए हैं। अब समय आ गया है कि भारत अपने वादे पर खरा उतरे और उन सभी आरोपों की जांच करे। इस मामले की तह तक जाना दोनों देशों और हमारे देशों के लोगों के हित में है। उन्होंने कहा कि कनाडा भारत के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है।

### भारत में कनाडा के राजदूत को तलब किया

ताजा घटनाक्रम को लेकर विदेश मंत्रालय ने सोमवार को शाम को नई दिल्ली में कनाडाई मिशन के प्रभारी को तलब किया। सचिव (पूर्व) ने उन्हें बताया गया कि कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों और अधिकारियों को आधारहीन तरीके से निशाना बनाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

# जब गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने बढ़ा दिया विदेश में जिले का मान

## राष्ट्रपति के साथ विदेश में की महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा





### सांसद अतुल गर्ग दौरे पर चुने जाने वाले तीन सांसदों में से एक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद बदल रहा है, सियासत बदल रही है और यहां बहुत कुछ बदल रहा है। जब भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा करने के लिये कमेटी गठित होती है तो उस कमेटी के अध्यक्ष भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा होते हैं और पूरे देश से तीन सदस्य इस कमेटी में लिये जाते हैं। गाजियाबाद के लिये गर्व की बात होती है कि उनके लोकसभा सांसद का नाम देश के उन तीन चेहरों में आते हैं जो सदस्यता अभियान की समीक्षा करने के काबिल पाये गये। जब राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू तीन देशों के दौरे पर जाती है तो फिर तीन चेहरों की तलाश होती है। ये तीन सांसद राष्ट्रपति के साथ तीन देशों के छह दिवसीय दौरे पर जाते हैं। एक बार फिर गाजियाबाद का नाम भारत के पटल पर आता है और सब देखते हैं कि उनके लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इस दौरे पर चुने जाने वाले तीन सांसदों में से एक हैं।

विदेश में गाजियाबाद का नाम आता है और महामहीम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ अफ्रीकी देशों के दौरे के दौरान अल्जीरिया में ये दल प्रवास करता है। भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू भारत और अल्जीरिया से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करती हैं। उनके साथ दौरे पर गए अतुल गर्ग भी इस बातचीत में शामिल होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय पटल पर गाजियाबाद का नाम आता है और ये पल यादगार बन जाता है।

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने की सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सोमवार रात अपने सोशल मीडिया ट्विटर अकाउंट पर मुख्यमंत्री से मुलाकात की जानकारी वाला एक फोटो साझा किया है। फोटो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। सामने लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर बैठे हुए हैं। बताया जा रहा है कि इस मुलाकात में विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने डासना प्रकरण को लेकर भी बातचीत रखी है। बातचीत में विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने किन-किन बिंदुओं पर चर्चा की है यह अभी स्पष्ट नहीं है लेकिन सोशल मीडिया पर विधायक और मुख्यमंत्री वाली जो तस्वीर आई है वह अलग संदेश दे रही है। बता दें कि बीते कई दिनों से विधायक नंदकिशोर गुर्जर लोनी में होने वाली हिंदू संगठनों की महापंचायत को लेकर लगातार बयान और अपना पक्ष खुलकर दे रहे थे। तो वही रविवार को हुई महापंचायत में उनकी उपस्थिति भी देखने को मिली थी।

# 18 अक्टूबर तक हो जाएगी चुनाव की अधिसूना जारी

## स्थनीय निर्वाचन विभाग ने कर ली तैयारी अब आयोग की जिम्मेदारी

### चुनावी अधिसूचना जारी होते ही एक तरह से चुनाव की रणभेरी बज जाएगी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उपचुनाव की 10 सीटों पर मतदान होना है, चुनाव होना है। बताया जाता है कि दिसंबर माह में नया विधायक आना है और इसके लिये निर्वाचन आयोग को रिक्त सीटों पर चुनाव कराना है। चुनाव की अधिसूचना का इंतजार हो रहा है।

सूत्र बताते हैं कि जिला निर्वाचन विभाग की पूरी तैयारी हो चुकी है और अब चुनाव आयोग को अधिसूचना जारी करनी है।सभी राजनीतिक दल भी अब आयोग द्वारा जारी होने वाली अधिसूचना का इंतजार कर रहे हैं। गाजियाबाद में चुनाव की अधिसूचना को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।

वहीं सूत्र बताते हैं कि 15 अक्टूबर को जारी होने वाली अधिसूचना में कुछ परिवर्तन हो सकता है। विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कि आज से यानि 15 अक्टूबर से 18 अक्टूबर के बीच में उपचुनाव की अधिसूचना जारी हो जाएगी। चुनावी अधिसूचना जारी होते ही एक तरह से चुनाव की रणभेरी बज जाएगी और फिर नामांकन दाखिल करने की तैयारियां शुरू होंगी। रैली-जनसभाओं का सीजन आ जाएगा।

चुनाव अधिसूचना के लिये यही चार दिन महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं और ये कहा जा रहा है कि आज से 18 अक्टूबर तक कभी भी अधिसूचना जारी हो जाएगी।

# क्या महापंचायत के बाद अब डासना मामला होने वाला है शांत

## महंत नारायण गिरी ने भी की है दोनों समुदायों से शांति की मांग

## पुलिस भी बनाए हुए हैं पूरे मामले पर पैनी नजर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रविवार को डासना में हुई हिंदू संगठनों की महापंचायत और महापंचायत के हंगामे विरोध के बाद पुलिस के लाठीचार्ज की कार्रवाई के बाद इस पूरे मामले में अलग मोड़ आता नजर आ रहा है। हिंदूवादी संगठनों से बातचीत और कई साधु संतों से जानकारी मिली है कि डासना मामले को लेकर अब शांति वाला मोड आने वाला है।

विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस मामले को लेकर हिंदू संगठनों ने अपनी छह सूत्रीय मांग प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को भेजी है। जिसके बाद आने वाले कुछ दिनों में यह मामला अब शांति की ओर बढ़ाने वाला है। उधर जूना अखाड़े से जुड़े और गाजियाबाद शहर के सबसे प्रमुख दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने भी इस पूरे मामले में दोनों समुदाय के लोगों से शांति रखने की अपील की है। उन्होंने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत करते हुए कहा है कि फिलहाल वह राजस्थान एक अनुष्ठान में गए हुए थे।

महंत नारायण गिरी ने कहा कि उनको इस पूरे मामले की जानकारी है, जो हुआ है, वह बेहद निंदनीय है। उन्होंने अपील की है कि दोनों समुदाय के लोगों को शहर की शांति, खुशहाली और अमन चैन के बारे में सोचना चाहिए। उधर हिंदूवादी संगठन अब इस पूरे मामले में शांति वाला मोड अपनाने जा रहे हैं ऐसी जानकारी मिली है। वहीं अभी भी पुलिस के शीर्ष अधिकारी इस पूरे मामले पर नजरें रखन का काम कर रहे हैं।

### महंत नारायण गिरी बोले शहर की शांति जरूरी



**करंट क्राइम।** दैनिक करंट क्राइम से बातचीत करते हुए दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी का कहना है कि इस पूरे मामले को लेकर दोनों समुदाय को अब जिम्मेदारी से आगे का अपना पक्ष रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर की शांति और सद्भाव सबसे बड़ा है। उन्होंने दोनों पक्षों से अपील की है कि इस पूरे मामले को लेकर कोई भी आपत्तिजनक टिप्पणी और कार्य न किया जाए। गाजियाबाद के हर कोने की शांति जरूरी है।

### डासना देवी मंदिर पर पुलिस की मुस्तैदी जारी



**करंट क्राइम :** रविवार को डासना में हुई महापंचायत में हिंदू संगठन जुटे, जहां राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर हंगामा हुआ। जाम और लाठीचार्ज वाली स्थिति आई। इसके बाद सोमवार को भी मंदिर पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। वहीं पुलिस के आलाधिकारी इस पूरे मामले पर निगरानी रखने का भी काम कर रहे हैं। वहीं खुफिया विभाग के साथ ही लखनऊ में बैठे अधिकारी भी पूरे मामले का संज्ञान ले रहे हैं। एसीपी वेव सिटी इस पूरे प्रकरण को करीब से देख रहीं हैं।

### हो रहा है छोटे यति अनिल यादव को छुड़ाने का प्रयास

**करंट क्राइम।** हिंदूवादी संगठनों से जानकारी मिली है कि छोटे यदि उर्फ अनिल यादव को पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में जेल में भेजा था। पुलिस से उनको छुड़ाने के प्रयास में कई हिंदूवादी संगठन लगे हुए हैं। बताया जा रहा है सोमवार को छोटे यति उर्फ.अनिल यादव को रिहा नहीं किया गया है। वहीं जानकारी यह है कि हिंदू संगठनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री को अपना 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है और इस पूरे मामले में सकारात्मक पहल और हल की अपील की गई है। वहीं डा. उदिता त्यागी का कहना है कि यह पूरा मामला अब लंबा होता जा रहा है। इसको लेकर हिंदूवादी संगठन जल्द कोई सकारात्मक हल चाहते हैं।

# पुलिस कमिश्नरेट में फिर बढ़ गई है धारा-163
# दीपावली के पर्व पर भी जारी रहेगा आदेश

## प्रमुख त्यौहारों और तिथियों को लेकर पुलिस को किया गया है अलर्ट गाजियाबाद




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एक बार फिर धारा-163 बढ़ा दी गई है। पहले 14 अक्टूबर की रात 12 बजे तक यह है लागू थी, जिसे बढ़ाकर अब 08 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि 17 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती है। तो 30 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी, 31 तारीख को दीपावली, दो नवंबर को गोवर्धन पूजा, 3 नवंबर को भैयादूज और चित्रगुप्त जयंती के साथ-साथ सात नवंबर को छठ पूजा पर्व की शुरूआत होगी।

वहीं 24 नवंबर को गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस है। तो वहीं 6 दिसंबर को हिंदू संगठनों द्वारा शौर्य दिवस मनाए जाने एवं मुस्लिम संगठनों द्वारा काला दिवस मनाए जाने को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में किसी भी तरीके के विरोध, प्रदर्शन और अन्य कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए परमिशन लेनी होगी।

इसके साथ ही सोशल मीडिया से लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान पर आपत्तिजनक बयानबाजी और टिप्पणी करने वालों पर भी पुलिस कार्रवाई करेगी। एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी का कहना है कि पुलिस पूरी तरह से इस दौरान अलर्ट रहेगी और कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने नहीं दी जाएगी।

### भावना भड़काने वाले नारे और पोस्ट पर रहेगी नजर



**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में फिर लंबे समय के लिए एक बार धारा- 163 लगा दी गई है। इस दौरान ऐसे क्षेत्र जहां पर व्यक्तियों के प्रवेश से तनाव की स्थिति है, वहां बिना अनुमति के कोई नहीं आ जा सकेगा। इसके साथ ही कार्यक्रमों से संप्रतिक सद्भाव, समरसता, शांति पर कुप्रभाव डालने वालों को भी रडार पर रखा जाएगा। इस दौरान कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक, चाकू, भाला, तलवार और छुरी आदि लेकर नहीं चलेगा। वहीं विकलांग व्यक्तियों के अलावा डंडा लेकर चलने वालों पर भी पुलिस नजर रखने का काम करेगी। वहीं पेट्रोल पंप मालिकों को खुला पेट्रोल और डीजल बोतल एवं कंटेनर में नहीं बचने की हिदायत दी गई है। इसके साथ ही किसी भी प्रकार के धार्मिक वर्ग संबंधी, जातिगत, राजनीतिक दलों की भावना भड़काने वाले नारे, पोस्टर आदि नहीं लगाएगे ना ऐसे पंपलेट पर्चे आदि बांटने का कार्य होगा। जिससे वर्ग विशेष, जाति, धर्म और राजनीतिक दलों की भावना आहत नहीं हों। वहीं सोशल मीडिया पर भी यह है प्रतिबंध जारी रहेगा।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने पीएम नरेंद्र मोदी से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनकी पीएम मोदी से पहली मुलाकात है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।'' वहीं बाद में दिल्ली की सीएम आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मैं राजधानी दिल्ली के कल्याण और प्रगति के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूरे सहयोग की आशा करती हूं। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद आतिशी ने दिल्ली के सीएम का पद संभाला है। आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री हैं। इसी के साथ वह इस पद पर आसीन होने वाली सबसे कम उम्र की महिला भी हैं। कथित शराब नीति घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद आतिशी दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी का कार्यकाल आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच तनाव के बीच शुरू हुआ। हाल ही में एक विवाद मुख्यमंत्री आवास शीश महल के आवंटन को लेकर हुआ है। वित्त मंत्रालय के अनुमानों से पता चलता है कि दिल्ली को अपने इतिहास में पहली बार राजस्व घाटे का सामना करना पड़ रहा है, ये भी विवाद का बड़ा मुद्दा रहा है। ये मुद्दे दोनों दलों के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को बढ़ावा दे रहे हैं क्योंकि आतिशी दिल्ली के शासन और वित्त के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर अपनी भूमिका निभा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में अगले साल की शुरूआत में विधानसभा चुनाव होंगे।

# दिवाली की रात सिर्फ आठ से 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति

## प्रशासन ने लगाई धारा 163

**नई दिल्ली।** जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार यह प्रतिबंध लागू किया गया है। इस दिवाली गुरुग्राम में रात 8:00 बजे से 10:00 तक ही पटाखे चलाए जा सकते हैं। इस दौरान सिर्फ ग्रीन पटाखे का ही प्रयोग किया जाएगा। अन्य किसी भी प्रकार के पटाखे की बिक्री, उत्पादन और भंडारण जिला प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है। इसके लिए धारा 163 लागू कर दी गई है। किसी भी दुकानदार के पास अब अगर ग्रीन पटाखे के अलावा कोई अन्य पटाखा बिकता हुआ मिला तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार यह प्रतिबंध लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी



2025 तक यह प्रतिबंध लागू रहेगा। इस दौरान दिवाली पर पटाखे चलाए जाने के लिए भी समय निर्धारित कर दिया गया है। दिवाली की रात 8:00 बजे से लेकर 10:00 बजे तक लोग पटाखे चला सकते हैं। हालांकि यह सुनिश्चित करना होगा कि पटाखा ग्रीन ही है।

# झारखंड में ईडी की रेड को सीएम हेमंत और उनके मंत्रियों ने राजनीति से प्रेरित बताया



**रांची।** झारखंड में जल जीवन मिशन में घोटाले को लेकर 20 से भी अधिक ठिकानों पर चल रही ईडी की छापेमारी को सीएम हेमंत सोरेन, मंत्री मिथिलेश ठाकुर और बन्ना गुप्ता ने राजनीति से प्रेरित करार दिया है। सीएम सोरेन से मीडिया ने इन छापों के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि यह अप्रत्याशित नहीं है। चुनाव आ गया है। विपक्षी पार्टी के लोग लग गए हैं। वहीं, राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा, यह भाजपा द्वारा कराई जा रही राजनीतिक रेड है। मुझ पर भाजपा में शामिल होने का दबाव दिया जा रहा था। मैंने इनकार कर दिया तो भाजपा की ओर से यह रेड कराई जा रही है। मैं टूट जाऊंगा, लेकिन झुकूंगा नहीं। भाजपा में शामिल नहीं होऊंगा। मिथिलेश ठाकुर ने आगे कहा, चुनाव नजदीक आता देखकर और खुद की खराब स्थिति देख यह सब कुछ कराया जा रहा है। मैं तो ईडी से कहूंगा कि वह आज शाम तक खुलासा करे कि इनको मेरे पीएस और मेरे आवास पर क्या कुछ मिला। उन्हें बताना चाहिए कि कितने रुपए और कितनी संपत्ति उन्हें रेड में मिली और क्या कागजात मिले। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी इस प्रकरण में मीडिया से बात करते हुए कहा, ₹सारी चीजें कहीं न कहीं राजनीति से प्रेरित हैं। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए इस तरह की चीजें हो रही हैं। लेकिन, इससे भाजपा को कोई नफा नहीं होगा। जितना जुल्म होगा, हम उतना मजबूत होंगे। आने वाले चुनाव में जनता को तय करना है कि कौन सही है, कौन गलत है। हम ना झुके हैं, ना झुकेंगे, डटकर लड़े थे, डटकर लड़ेंगे। बता दें कि झारखंड में रांची, चाईबासा और जमशेदपुर में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र कुमार, उनके भाई विनय ठाकुर, आईएएस मनीष रंजन, उनकी बहन सहित 15 लोगों के ठिकानों पर ईडी की टीम सोमवार सुबह से छापेमारी कर रही है। यह छापेमारी जल जीवन मिशन में करोड़ों के घोटाले को लेकर हो रही है। इस मामले में रांची के सदर थाना में जल जीवन मिशन के तहत केस दर्ज हुआ था। करोड़ों रुपए के पाइपलाइन घोटाले में विभाग के कैशियर संतोष कुमार की अप्रैल, 2024 में गिरफ्तारी हुई थी। गिरफ्तारी के दौरान संतोष के घर से 50 लाख रुपए से अधिक बरामद हुए थे।

## न्यूज डायरी

### एहसास महिला समिति के प्रोजेक्ट परिणीता के तत्वावधान में द्वितीय दीपावली मेले का आयोजन

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एहसास महिला समिति द्वारा अपनें प्रोजेक्ट परिणीता के तहत घर की लक्ष्मियों के त्यौहार को समर्पित द्वितीय दीपावली मेला समारोह का आयोजन किया। दुल्हन बैंकट हॉल में आयोजित मेले में विशेष रूप से अपनें घर से ही स्वरोजगार चलाकर जीवनयापन करनें वाली स्वावलंबी महिलाओं को बड़ा



मंच देकर उनके हुनर को पंख देने व उनके व्यापार में बढ़ोतरी करनें का प्रयास किया गया। मेले का शुभारंभ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के हाथो रिबन काटकर किया गया। मेले में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, बागपत संसदीय क्षेत्र के लोकसभा सासंद डॉ0 राजकुमार सांगवान, विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, चेयरमैन विनोद वैशाली, भोजपुर ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, मोदी समूह ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारी एनपी बंसल, वरिष्ठ समाजसेवी सुशील जैन, सतीश जैन, आम्रपाली यूनिवर्सटी हल्द्वानी के सीईओ संजय ढींगरा, स्वदेश जैन, रणबीर दहिया, निष्काम संस्था के सरंक्षक जगजीत सिंह जग्गी व दिलीप शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। मेले में उत्तर प्रदेश पुलिस की तरफ से पिंक बूथ, मिशन शक्ति व वन स्टॉप सेंटर के अधिकारी भी अपने स्टॉफ के साथ उपस्थित रहे। एहसास महिला समिति की ईकाई की अध्यक्ष गुरमीत गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी संस्था की परिणीता टीम नें तीज के अवसर पर परिणीता स्वयं में सक्षम शीर्षक से अपनी दूरगामी सोच की इस परियोजना की शुरूआत की थी जो अब एक बड़ा रूप ले चुकी है। मेले को सफल बनाने में अनुप्रीत कौर, गुरमीत गुप्ता, सृष्टी गौड, तारिका माटा, गीतांजलि खन्ना, स्नो, काजल शर्मा, रूचि विज, मेघा तायल, कीर्ति महेश्वरी, पूनम ओझा, इन्दू गुप्ता, प्रतिभा गांधी, रेनू चावलाए, ज्योति, हेमा, निर्मल, प्रियंका शर्मा, गुन्जीत कौर आदि का विशेष सहयोग रहा।

### फैकल्टी पर्सनालिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन

**मोदीनगर करंट क्राइम।** गिन्नी देवी मोदी इंस्टिट्यूटऑफ एजुकेशन द्वारा केएनजीडी ऑडिटोरियम में फैकल्टी पर्सनालिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्वतजनों द्वारा व्याख्यान के जरिए तमाम शिक्षिकाओं को पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ सिनसिनाटी के पूर्व डीन प्रो0 पीयूष स्वामी, विशिष्ट अतिथि हापुड़ स्थित ईस्ट वेस्ट एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के सचिव सुनील स्वामी व ईस्ट वेस्ट एजुकेशनल इंस्टीट्यूट हापुड़ के



प्रधानाचार्य डॉ0 संजय भारद्वाज ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि प्रो0 पीयूष स्वामी ने फैकल्टी पर्सनालिटी डेवलपमेंट को दिशा देते हुए पर्सनैलिटी डेवलपमेंट में कम्युनिकेशन स्किल्स के विशेष सहयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। और व्यक्तित्व विकास के बारे में कई बिंदु साझा किये। इसके अलावा वहां मौजूद अनेक वक्ताओं ने भी इस संबंध में अपने अहम विचार प्रस्तुत किये। अंत में संस्थान की सलाहकार प्रो0 रीता बख्शी ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और उन्होंने भी अपने अनुभव सभी के साथ साझा किया। इस अवसर पर संस्थान की सभी शिक्षिकाएं तथा छात्राएं मौजूद थी।

# राजेन्द्र नगर रामलीला में हुआ भरत मिलाप का मंचन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** श्री रामलीला कमेटी के सौजन्य से गोल पार्क राजेंद्र नगर में सोमवार को बृज चंद रामलीला एवं कृष्ण लीला मंडली द्वारा भरत मिलाप एवं श्रीरामचंद्र का राजतिलक करके राजगद्दी दी गई। इस मौके पर पूरे अयोध्यावासी हर्ष और उल्लास से झूम उठे। इस लीला का मंचन बड़े ही सुंदर रूप में व्यास पवन कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में दिखाई गई। गिरधारी लाल सोनू चतुर्वेदी, गणेश चतुर्वेदी, अनिरुद्ध, भोलेनाथ, बैकुंठ, दिलीप, माधव, अनुज चतुर्वेदी, महिला कलाकार रिंकी, मनीषा, एवं आरती आदि कलाकारों द्वारा सुंदर ढंग से लीला का मंचन एवं दशहरे का लोगों ने 10 दिन तक भरपूर आनंद लिया सुंदर मंचन के लिए मंडली के सभी पात्रों को रामलीला कमेटी के द्वारा अपनी तरफ से पुरस्कार स्वरूप प्रत्येक कलाकार को गिफ्ट दिये गये। रामलीला कमेटी के मुख्य संयोजक एसपी सिंह, संरक्षक कुसुम सिंह पूर्व पार्षद, मुख्य संरक्षक सत्येंद्र सिंह परिहार, अध्यक्ष रमाकांत पांडे, महामंत्री रामजी झा, उपाध्यक्ष राकेश सूद, धर्मेंद्र दुबे, तिलकराम पांडे, रविंद्र कोहली, कमलेश यादव, राजकुमार गुप्ता, अमन ठाकुर, सुरेंद्र भारती, नादिर अली, चंदन झा, के के दुबे, भूपेंद्र मेहता, विपुल जैन, दिलीप गुप्ता, अनीता झा, शोभा दुबे, संध्या सिंह, सतीश सिंह, अजय सिंह, अजय कुमार, सोनू मिश्रा, वीरेंद्र सिंह कन्हैया आदि लोगों की उपस्थित रहे। इस सुंदर रामलीला के मंचन के लिए कमेटी वालों का भी लोगों ने बधाई देकर उत्साह वर्धन किया।

## सुभाष युवा मोर्चा ने राष्ट्रवादी उद्योगपति रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सुभाष युवा मोर्चा के संस्थापक सतेंद्र यादव ने बताया रतन टाटा का जन्म 28 दिसंबर 1937 को बम्बई, जो उस समय ब्रिटिश इंडिया का हिस्सा हुआ करता था, में हुआ था। रतन टाटा ने उद्योग जगत में व्यापार के साथ साथ उन्होंने आम आदमी के दिल में अपने लिए एक विशेष स्थान भी बनाया। उन्हें साल 2000 और साल 2008 में पदम भूषण से सम्मानित किया गया था। सुभाषवादी भारतीय पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा भारत की आधारशिला में टाटा ग्रुप का बहुत बड़ा योगदान रहा है और यह इसी लिए संभव हुआ क्योंकि टाटा ग्रुप की बागडोर रतन टाटा जैसी शख्शियत के पास रही। कुछ समय से अस्वस्थ होने के चलते 9 अक्टूबर 2024 को मुंबई में 86 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। प्रसिद्ध समाज सेवक बी एल बत्रा ने ने बताया कि रतन टाटा कहा करते थे कि 'मैं सही निर्णय लेने में विश्वास नहीं रखता। मैं निर्णय लेता हूं और फिर उन्हें सही बनाता हूं। शक्ति और धन मेरे दो मुख्य हित नहीं हैं।' इस अवसर पर किसान नेता सुधीर चौधरी, विधानसभा प्रभारी मनोज शर्मा होदिया, जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, प्रवक्ता विनोद अकेला ने भी अपने विचार रखे। श्रृद्धांजलि देने वाले मुख्य रूप से सतेंद्र यादव अशोक श्रीवास्तव, बी एल बत्रा, मनोज होदिया, सुरेश यादव, राजीव गौतम, सुनील दत्त, दीपक वर्मा, दिग्विजय सिंह, अनील सिन्हा, विनोद अकेला,संजय श्रीवास्तव, रवि कुमार पंचाल, ललन पाण्डेय, मुकेश शर्मा, संजय पासवान, राजेश्वर यादव, राजेन्द्र यादव, विवेक राणा, विकास, सन्नी, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## राणा प्रताप हा० सै० स्कूल के सामने महाराणा प्रताप पार्क में जिम का उद्घाटन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सोमवार को राणा प्रताप हा० से० स्कूल के सामने महाराणा प्रताप पार्क में जिम का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या डा० पूनम शिशौदिया व लोहिया नगर क्षेत्र के पार्षद कुलदीप त्यागी द्वारा नारियल फोड़कर किया गया।

डा० पूनम शिशौदिया व पार्षद का फूल-माला से स्वागत किया गया। तत्पश्चात पार्षद कुलदीप त्यागी द्वारा बताया गया कि मेरे क्षेत्र के अंतर्गत बच्चे, बुजुर्ग एवं युवाओं के स्वास्थय की देखभाल के लिए जिम सेन्टर के निर्माण कराने एवं अन्य सुविधाओं के लिए चरणबद्ध तरीके से प्रयास कर रहा हूँ और करता रहूँगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा० पूनम शिशौदिया ने खुशी जाहिर करते हुए पार्षद को बधाई दी और कहा कि अपने क्षेत्र में ऐसे ही विकास करते रहना चाहिए एवं लोगों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थय के लिये प्रयासरत रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण राजरानी अरोड़ा, निशा चौधरी, आँचल शर्मा, दलजीत कौर एवं पार्षद कुलदीप के साथ सतीश अरोरा, रमेश, कमल ज्वैलर्स एवं अन्य सहयोगी उपस्थित थे। इस योगा सेन्टर के निर्माण से स्थानीय क्षेत्रवासियों को योगा करने की बेहतर सुविधा मिलेगी साथ ही क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## बायोटेक्नोलॉजी छात्रों का अनुसंधान और उद्योग की नई तकनीकों से परिचय कराया



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा बायोटेक्नोलॉजी के छात्रों के लिए अनुवादकीय स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान , टीएचएसटीआई, फरीदाबाद में औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह दौरा डॉ ज्योति चौधरीए विभागाध्यक्ष की पहल पर हुआ और विभागीय फैकल्टीज की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रसंजीत कुमार ने कहा कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान और उद्योग की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने का उत्कृष्ट माध्यम होते हैं। डायरेक्टर प्रोफेसर ज्योत्सना पंडित ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के दौरे छात्रों के बौद्धिक विकास और अनुसंधान में उनकी रुचि को बढ़ावा देते हैं।

टीएचएसटीआई में भ्रमण के दौरान छात्रों को वैक्सीन डिजाइन एवं विकास उन्नत जीनोम प्रयोगशालाए बायो से प्रयोगशाला और बायोरिपोजिटरी जैसी विभिन्न शोध सुविधाओं का अनुभव प्राप्त हुआ। इस यात्रा के दौरान छात्रों ने वरिष्ठ वैज्ञानिकों से संवाद भी किया। जिससे उन्हें इस क्षेत्र की नवीनतम प्रवृत्तियों और करियर अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। अंत में विश्वविद्यालय की ओर से सभी प्रतिभागियों और टीएचएसटीआई के वैज्ञानिकों का उनके योगदान और आतिथ्य के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## पार्षद गौरव सोलंकी ने किया विकास कार्य का शिलान्यास



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड- 76, वैशाली सेक्टर 2 मार्केट रोड पर पार्षद गौरव सोलंकी ने नारियल तोड़कर किया विकास कार्य का शिलान्यास।

पार्षद गौरव सोलंकी ने कहा कि वार्ड 76 वैशाली के सेक्टर 2 डी चौक से मदर डेरी के सामने से होते हुए सेक्टर 2बी/1 तक की श्रतिग्रशत सड़क का डैंस द्वारा हो रहे निर्माण का किया जा रहा है इस मौके पर क्षेत्रीय लोगों ने पार्षद गौरव सोलंकी का फूलमालाओं से स्वागत किया। वार्ड 76 के सम्पूर्ण विकास के लिए एक योजनाबद्ध तरीके से कार्य हो रहा है, उसी क्रम में आज इस मार्केट वाली सड़क का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार विकास कार्य में विश्वास रखती है, क्षेत्र में चारों ओर विकास के कार्य हो रहे हैं।

# अस्पताल और शोरूम में आगजनी-तोड़फोड़, कई दुकानों और घरों को जलाया

## डंडे लेकर उतरे लोग





**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए बवाल ने बड़ा रूप ले लिया है। सोमवार सुबह एक बार फिर से बहराइच में आगजनी और तोड़फोड़ की गई। कई दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की गई। बाइक के शोरूम और एक अस्पताल में आग लगा दी गई है। वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया है। दवाइयों को जला दिया गया है।

इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में भी हिंसा बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक, चंदपैया और कबड़ियापुरवा गांव में भी आगजनी हुई है। कई घर जलाए गए हैं। वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया गया है। तीस उपद्रवी हिरासत में लिए गए हैं। सीएम योगी के निर्देश पर एसीएस होम एवं एडीजी लॉ एंड ऑर्डर मौके पर पहुंचे हैं। छह कंपनी पीएसी बहराइच भेजी गई हैं। युवक की मौत से भड़का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदर्शन और हिंसक होता जा रहा है। बाइक के शोरूम में आग लगा दी गई है। कारों को भी फूंका गया है। लोग लाठी-डंडे लेकर सड़कों पर उतर गए हैं। उधर, परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है। हालांकि पुलिस ने मृतक के परिजनों को समझाया है। लेकिन अभी तक बात नहीं बनी है। परिजन कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं।

.नके घर की तरफ रवाना किया गया था। इस घटना के बाद इलाके में तनाव है। महराजगंज और महसी इलाके के निजी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। बहराइच की सांप्रदायिक हिंसा में देर रात मुख्य आरोपी सलमान समेत कई लोगों पर एफआईआर की गई। सूत्रों के अनुसार 20 से 25 लोगों के हिरासत में लेने की खबरें हैं। उधर दूसरी ओर पूजा कमेटी देर रात तक इस बात पर अड़ी रही कि आरोपियों की गिरफ्तारी हो। आरोपियों को फांसी देने के नारे देर रात सड़कों पर गूंजते रहे।

### क्या है पूरा मामला

बहराइच में महसी तहसील के महराजगंज कस्बे में गाने को लेकर हुए विवाद के बाद दूसरे समुदाय के युवकों ने पथराव शुरू कर दिया। इससे दुर्गा प्रतिमा खंडित होने पर पूजा समिति के सदस्यों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया तो दूसरे समुदाय के लोग रामगोपाल मिश्रा (24) को घर के अंदर घसीट ले गए और गोली मार दी। उसे बचाने पहुंचे राजन (28) भी गंभीर रूप से घायल हो गए। शहर में सैकड़ों जगह प्रतिमा विसर्जन रोक दिया गया। मामला बढ़ता देख छह थानों की पुलिस व पीएसी तैनात कर दी गई। वहीं, गोंडा और बलरामपुर में स्थिति नियंत्रण में है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार शाम महसी तहसील की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था। महराजगंज कस्बे में पहुंचने पर कस्बा निवासी सोनार अब्दुल हमीद बेटे सबलू, सरफराज व फहीम के साथ मौके पर पहुंचे और गाली गलौज शुरू कर दी। प्रतिमा के साथ चल रहे लोगों ने इसका विरोध किया तो छतों से पथराव शुरू कर दिया गया। इस पर समिति के सदस्य प्रदर्शन करने लगे तो हमीद व उनके साथ मौजूद हजारों की भीड़ मौके पर पहुंची और उपद्रव शुरू कर दिया। सूचना पर भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची।

### पहले गाली गलौज और फिर पथराव

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महसी तहसील की प्रतिमा शांति पूर्वक विसर्जन के लिए जा रही थी। महराजगंज कस्बे में पहुंचने पर कस्बा निवासी सोनार अब्दुल हमीद अपने बेटे सबलू, सरफराज व फहीम के साथ मौके पर पहुंचे और गाली गलौज शुरू कर दी। लोगों ने जब इसका विरोध किया तो छतों से पथराव शुरू कर दिया गया। इसके बाद विसर्जन रोक समिति सदस्यों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप है कि इस दौरान हमीद व उनके साथ मौजूद हजारों की भीड़ मौके पर पहुंची और उपद्रव शुरू कर दिया।



## अयोध्या दीपोत्सव में झारखंड से दीप जलाने पहुंचेंगे 150 आदिवासी



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के आठवें दीपोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। प्रशासनिक खेमे के अलावा डॉ. राम मनोहर लोहिया विवि ने भी इस दिशा में युद्धस्तर पर कार्य शुरू कर दिया है। इस बार दीपोत्सव कुछ खास ही होने वाला है। इसमें झारखंड के 150 आदिवासी भी दीप जलाने के लिए पहुंच रहे हैं। यह आदिवासी स्वयंसेवक के रूप में घाटों पर जुटेंगे। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में 2017 से राम की पैड़ी पर दीपोत्सव की शुरूआत हुई थी। उसके बाद से यहां दीपोत्सव के जरिए प्रतिवर्ष नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। ऐसे में इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 लाख दीए जलाने का ऐलान किया है, जिसके लिए 28 लाख दीपों को सरयू नदी के किनारे तटों पर बिछाया जाएगा। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद अयोध्या नगरी को सजाने का काम शुरू कर दिया गया है। राम की पैड़ी पर इस बार स्थानीय नागरिकों को भी शामिल करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए वहां पर चौड़े-चौड़े पलेटफॉर्म वाली सीढियां बनाई जा रही हैं, जो बिल्कुल स्टेडियम की तरह है। इस बार दीयों की संख्या बढ़ते ही घाटों की संख्या बढ़ा दी गई है। इसे 51 से 55 कर दिया गया है। चौधरी चरण सिंह और भजन संध्या स्थल व अन्य घाटों को दीप जलाने के लिए शामिल किया गया है।

वहीं, 90 हजार लीटर सरसों के तेल के प्रयोग होने की बात बताई जा रही है। दीपोत्सव में दीयों की संख्या बढ़ते ही रुई की बाती का इंतजाम भी किया जाने लगा है। बताया जाता है 40 लाख रुई की बाती लगेगी। स्वयंसेवक 25 अक्टूबर से राम की पैड़ी के घाटों पर दीए बिछाने का कार्य शुरू कर देंगे। दीपोत्सव के नोडल अधिकारी डॉ. एसएस मिश्र ने बताया कि हमारी तैयारियां तेजी से चल रही है। इस बार श्री राम भव्य महल में विराजमान हुए हैं। इसी कारण दीपोत्सव को और भी भव्य तरीके से मनाया जाएगा।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 15 अक्टूबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से दैनिक करंट क्राइम ने किये तीन सवाल

## दिए सभी सवालों के सटीक और बिना लागलपेट के जवाब

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सुनील शर्मा साहिबाबाद विधायक हैं और वो ऐसे विधायक हैं जो देश में सबसे ज्यादा वोटों से चुनाव जीते हैं। सुनील शर्मा देश की सबसे बड़ी विधानसभा से लगातार दूसरी बार विधायक हैं और वो प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। वो भाजपा के सॉफ्ट हिंदुत्व का चेहरा हैं और अपनी बात को तार्किक ढंग से रखते हैं और उन्हें हिंदुत्व का लॉजिकल चेहरा भी कहा जाता है।



वो सनातन संस्कृति की बात करते हैं वो हिंदुत्व की बात करते हैं वो आस्था की बात करते हैं। हाल ही में उन्होंने डीएनए एक होने को लेकर सवाल उठाया। सुनील शर्मा को राजनीति का चाणक्य भी कहा जाता है। वो राजनीति का विषद अनुभव रखते हैं।

अतुल गर्ग के सांसद बनने के बाद जिस सीट पर चुनाव हो रहा है सुनील शर्मा को भाजपा संगठन की ओर से उस विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। सियासत से जुड़े वो तीन सवाल जिनमें हर सवाल में सुनील शर्मा इन्वॉल्व है।

**दैनिक करंट** क्राइम ने जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से ये तीन सवाल किये तो उन्होंने बिना किसी लाग लपेट के सभी सवालों के जवाब दिये। करंट क्राइम ने उनसे पूछा कि आपने विधानसभा उपचुनाव में किसके नाम की पैरवी की है। करंट क्राइम ने उनसे पूछा था कि क्या आपको इस बात का एहसास था कि अतुल गर्ग का लोकसभा के लिये टिकट हो रहा है। करंट क्राइम ने पूछा था कि क्या आपने भी उस लैटर पर साइन किये थे जिसमें सभी ने अरुण सिंह को लोकसभा लिये फाइन बताया था। कैबनेट मंत्री सुनील शर्मा ने वन-टू-वन सभी सवालों के जवाब दिये वो किसी भी सवाल पर कोई ढाल लेते नजर नहीं आए। उन्होंने सभी सवालों के खुलकर जवाब दिये।

### ना किसी को टिकट दिलवाने में रूचि ना किसी का टिकट रुकवाने में रूचि

**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मैं शहर विधानसभा उपचुनाव में प्रभारी हूं। मैं तटस्थ हूं, मेरा किरदार सेट है। ना किसी के टिकट दिलवाने में रूचि है और न कटवाने में। मेरा काम सिर्फ चुनाव लड़वाना है। जब करंट क्राइम ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से ये सवाल किया कि चर्चा यह है कि संजीव शर्मा को लेकर जातिगत फैक्टर आपकी राजनीति में आएगा। भविष्य के गुणा भाग सभी सियासत में करते हैं। आने वाले समय में कंप्टीशन होगा। इसपर सुनील शर्मा ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है और उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पड़ोस के जिले नोएडा में तीन ठाकुर चेहरे विधायक हैं। पड़ोस के जिले बागपत में पांच जाट विधायक रहे हैं और एमपी भी जाट रहे हैं। लिहाजा ब्राह्मण फैक्टर में जातिगत जैसी कोई बात नहीं है।

**जब** ये सवाल हुआ कि किसी के लिये तो कहा, होगा इस पर सुनील शर्मा ने कहा कि मेरी पिछले दो महीने से प्रदेश अध्यक्ष से कोई मुलाकात नहीं हुई है। आप यकीन कीजिए कि प्रदेश संगठन महामंत्री से भी बात नहीं हुई है। मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष से भी नहीं मिला हूं और मेरी सुनील बंसल से लेकर कैबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात नहीं हुई है। आप इससे ही अंदाजा लगा सकते हैं कि मैंने किसके लिये क्या कहा होगा। जब मुलाकात ही नहीं हुई है तो फिर ये सवाल ही नहीं उठता।

### हां मुझे हो गया था एहसास, अतुल गर्ग कर रहे हैं टिकट के लिये प्रयास

**करंट क्राइम।** विधायक वाला टिकट सेफ रहे इसके लिए तो सभी ने रेस लगाई थी, लेकिन विधायक वाला टिकट सांसदी में कनवर्ट हो जाए ये किसी ने नहीं सोचा था। भगवा गढ़ गाजियाबाद की बात करें तो यहां सभी एक नांव में सवार थे। सभी का एक मकसद था। सभी मिलकर किसी का टिकट रोकना चाहते थे और किसी का टिकट कराना चाहते थे। ये सब ओपन गेम था और अनिल अग्रवाल खुलकर टिकट मांग रहे थे, लेकिन शहर विधायक अतुल गर्ग ने किसी को भी कानो कान हवा तक नहीं लगने दी और टिकट ले आए। कहावत है कि दोस्त अगर फेल हो जाए तो दुख होता है, लेकिन दोस्त अगर टॉप कर ले तो फिर महादुख होता है। दिल में फिर दर्द-ए-डिस्को वाला सीन हो जाता है।

करंट क्राइम ने जब कैबिनेट मंत्री और उपचुनाव प्रभारी सुनील शर्मा ये पूछा कि आपको कब एहसास हुआ था तो सुनील शर्मा ने उसका जवाब दिया। उन्होंने कहा कि बीच-बीच में अतुल गर्ग ने कुछ संकेत दिये थे जिससे मुझे एहसास हो गया था कि यहां अतुल गर्ग टिकट के लिये प्रयास कर रहे हैं। सुनील शर्मा ने कहा कि लेकिन अतुल गर्ग को भी बहुत बाद में ये एहसास हुआ कि पार्टी उनके नाम पर विचार कर रही है। हालांकि सुनील शर्मा ने कहा कि थोड़ा बहुत एहसास था लेकिन पूरी तरह से स्पष्ट हम भी नहीं थे कि यहां अतुल गर्ग को भाजपा लोकसभा उम्मीदवार बनाने जा रही है।

### अरुण सिंह रहेंगे फाइन इस लैटर पर हमने ही किये थे साइनः सुनील शर्मा

**करंट क्राइम।** दैनिक करंट क्राइम ने उस लैटर को लेकर भी बात की जो लैटर लोकसभा उम्मीदवार घोषित होने से पहले बहुत चर्चा में था। दैनिक करंट क्राइम ने ये सवाल किया कि आप लोग जनरल के स्थान के पर परिवर्तन चाहते थे और ये कहा जाता है कि उस लैटर पर आपने, अतुल गर्ग, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने साइन किये थे। आप लोगों के संयुक्त हस्ताक्षरों वाला ये पत्र भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को दिया गया था। विधायक टोला और संगठन की ये मांग थी कि यहां से अरुण सिंह को चुनाव लड़ा दिया जाये। इस पर कैबनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि ये सच है कि लैटर लिखा गया था, राजनीति में ये होता रहता है। हर कोई हर किसी के विचारों से इत्तीफाक नहीं रखता। उन्होंने कहा कि बिल्कुल ये लैटर लिखा गया था और साइन के साथ इसमें अरुण सिंह को फाइन बताया गया था। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने स्पष्ट किया कि उस लैटर में मेयर और एमएलसी के साइन नहीं थे, इसमे केवल विधायकों और संगठन अध्यक्ष के ही साइन थे।

# जब उस्ताद ने बांधा दो नये खलीफाओं के सिर पर ताज

## तब पुराने खलीफा ने दे दिया इस्तीफा और वो हो गए नाराज

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सुल्ला वालों की रामलीला बिना हल्ला-गुल्ला के निबट जाए ऐसा तो हो नहीं सकता। इस रामलीला की पहचान ही इसकी कमेटी की महाभारत रही है। इस बार रामलीला में महाभारत का बिगुल भरत मिलाप के बाद बजा और जैसे ही रामलीला के उस्ताद ने रामलीला के दो खलीफाओं के सिर पर पगड़ी बांधी तो तगड़ी नाराजगी वाली सीन आ गया।

किस्सा सुल्लामल रामलीला से जुड़ा है और ये ऐसी रामलीला है जिसमें उस्ताद और खलीफा की परंपरा है। यह खलीफा का पद आजीवन है। पहले उस्ताद और खलीफा के द्वारा ही यह रामलीला कराई जाती थी। भरत मिलाप के बाद भगवान राम के राजतिलक के साथ-साथ सुल्लामल रामलीला कमेटी के उस्ताद अशोक गोयल ने दो लोगों को खलीफा बनाया। जिनमें पिछले 50 वर्षों से रामलीला से जुड़े हुए राजेंद्र मित्तल मेदी वाले हैं। राजेंद्र मित्तल मेदी वाले लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि हैं। उन्हें उस्ताद अशोक गोयल ने खलीफा बनाया। इसके अलावा एक्सपायर्ड कमेटी के टैम्प्रेरी महामंत्री दिनेश शर्मा बब्बे को भी खलीफा बनाया गया। बताया गया कि वह पिछले 40 वर्षो से रामलीला से जुड़े हुए हैं। परंपरा के अनुसार दोनों खलीफाओं में पहले उस्ताद अशोक गोयल को पकड़ी बांधी और फिर उस्ताद अशोक गोयल ने दोनों खलीफा राजेंद्र मित्तल मेदी वाले और खलीफा दिनेश शर्मा बब्बे के सिर पर पगड़ी बंधवाई। उस्ताद-खलीफा की परंपरा के दौरान अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरो बाबा, उपाध्यक्ष संजीव मित्तल, मोहित मित्तल, दिनेश गोयल कांति-शांति वाले, विजय सिंघल, राजवेंद्र शर्मा, तरुण बंसल ने दोनों खलीफाओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं।





### निजी स्वार्थ के कारण उस्ताद ने बना दिये दो खलीफाः सुनील चौधरी

**करंट क्राइम।** रामलीला में जब राजेंद्र मेदी वाले और दिनेश बब्बे खलीफा बने तो खिलाफत भी शुरू हो गई। उस्ताद के फैसले के खिलाफ पहला इस्तीफा रामलीला के पुराने खलीफा सुनील चौधरी का आया। सुनील चौधरी ने अखाड़े के खलीफा पद से रिजाइन कर दिया और उस्ताद को लिखे पत्र में कहा कि मुझे ये जानकर बहुत दुख हुआ कि आपने परंपरा से हटकर अपने स्वार्थ के कारण रात में दो नये खलीफा नियुक्त कर दिये। अभी तक परंपरा यह थी कि खलीफा दशहरा पर्व के दिन ही नियुक्त किये जाते थे। इस्तीफा देने वाले खलीफा ने अपने पत्र में लिखा कि उस्ताद अशोक गोयल ने दोनों खलीफाओं की नियुक्ति से पहले ना तो अखाड़े की मीटिंग की और ना ही पुराने खलीफाओं से कोई विचार-विमर्श किया। उस्ताद का यह फैसला उनकी तानाशाही का दर्शा रहा है और अखाड़े के हित में नहीं है। अपने निजी स्वार्थ के कारण उस्ताद द्वारा की गई ये नियुक्ति निश्चित ही अखाड़े को समाप्त करने की ओर ले जाएगी। इन शब्दों के साथ खलीफा सुनील चौधरी ने अखाड़े के खलीफा पद से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी।

# पूर्व विधायक रूप चौधरी के दोस्त ने दिया बर्थ-डे पर अनोखा गिफ्ट

## तोहफे की प्रशंसा की रूप चौधरी ने और कहा सब रहेंगे सेफ





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कई बार दोस्त तोहफे देते हैं और ये तोहफे अपनी उपयोगिता के कारण अनमोल हो जाते हैं। ये तोहफे एक संदेश देते हैं। पूर्व विधायक रूप चौधरी को उनके बर्थ-डे पर एक ऐसा गिफ्ट मिला जो लोगों सुरक्षित करने का भाव लिये हुए है। रूप चौधरी ने जब ये गिफ्ट देखा तो वो बहुत खुश हुए तो उन्होंने इस गिफ्ट के फोटो को शेयर किया और बताया कि मेरे पड़ोसी, मेरे मित्र भारत भूषण शर्मा ने मेरे जन्मदिन के अवसर पर ये तोहफा समाज को समर्पित किया। पूर्व विधायक रूप चौधरी ने वसुंधरा के सेक्टर-14-12 के चौराहे का जिक्र किया और कहा कि यहां अक्सर वाहन टकराते हैं, अनेक दुर्घटनाएं भी हुई हैं। इन्हें रोकने के लिये मेरे जन्मदिवस के अवसर पर यह यंत्र मेरे मित्र, मेरे पड़ोसी भारत भूषण शर्मा ने समाज को समर्पित किया। अब यहां से गुजरने वाले वाहन सुरक्षित रहेंगे। बड़ी बात ये है कि पड़ोसी मित्र ने सबकी फिक्र की और एक सच्चे भाव के साथ उपहार प्रदान किया। उपहार दरअसल एक ऐसा आइना है जो अक्सर ऐसे स्थानों पर लगाया जाता है जहां एक ही स्थान पर कई दिशाओं से वाहनों का आवागमन होता है। इस शीशे के माध्यम से दिखाई देता है और सबसे बड़ी बात ये है कि जन्मदिन पर सबके कल्याण की भावना के साथ इस उपहार ने पूरे समाज को भी संदेश दिया है कि हम सुरक्षित रहें और अन्य लोगों की सुरक्षा की चिंता करें।

# 18 के सम्मेलन के बाद कभी भी आ जाएगा कांग्रेस प्रत्याशी का नाम

## संविधान बचाओ सम्मेलन में उपचुनाव प्रत्याशी को लेकर होगा मंथन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर चुनाव होना है और उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी संविधान बचाओ सम्मेलन कर रही है। गाजियाबाद में यह सम्मेलन 18 अक्टूबर को अंबेडकर पार्क में आयोजित किया जाना है। इस सम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, चुनाव विधानसभा प्रभारी गाजियाबाद आराधना मोना मिश्रा, पर्यवेक्षक तरुण पुनिया और राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप नरवाल सहित अन्य प्रमुख नेता और गाजियाबाद संगठन के पुराने और शीर्ष चेहरे शामिल होंगे। संविधान बचाओ कार्यक्रम के जरिए कांग्रेस पार्टी गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव के चेहरे को फाइनल करने का भी काम करेगी। ऐसी सूत्रों से जानकारी मिली है। वहीं कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी का कहना है कि 18 अक्टूबर को संविधान बचाओ सम्मेलन के बाद कभी भी गाजियाबाद विधानसभा यूपी सीट से प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। कहा गया है कि बीते दिनों बायोडाटा लेने का काम पूरा हो चुका है और जिन चेहरों के बीच में टिकट की अंतिम फाइट चल रही है, उनसे भी पार्टी आलकमान लगातार संपर्क में हैं।



### प्रदेश अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय महासचिव रहेंगे मौजूद



### सम्मेलन में भीड़ से ज्यादा वोटरों पर फोकस

**करंट क्राइम।** 18 अक्टूबर को संविधान बचाओ सम्मेलन है। जिसको लेकर कांग्रेस भीड़ से ज्यादा वोटरों को जोड़ने का काम कर रही है। बीते दिनों बूथ सम्मेलन के जरिए भी कांग्रेस के पदाधिकारियों ने यह संदेश देने का काम किया था ताकि आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर उनकी रणनीति और ताकत का एहसास हो सके। सूत्र बता रहे हैं कि संविधान बचाओ सम्मेलन के बाद शहर विधानसभा उपचुनाव सीट के लिए प्रत्याशी के नाम की घोषणा सार्वजनिक रूप से कर दी जाएगी। इसको लेकर लगभग सभी तरह की चर्चाएं व जानकारी संगठन की ओर से कर ली गई है।

### क्या कोई चौंकाने वाला नाम आएगा, कांग्रेस से सामने

**करंट क्राइम।** कांग्रेस पार्टी के करीबी सूत्रों से जानकारी मिली है कि 18 अक्टूबर के बाद कांग्रेस विधानसभा उपचुनाव शहर सीट गाजियाबाद से जिस प्रत्याशी का नाम घोषित करेगी वह चौंकाने वाला नाम होगा। पार्टी के सूत्र बता रहे हैं कि वरीयता यह है कि किसी पुराने फेस को मौका दिया जाए। देखना होगा कि किसके नाम पर संगठन की अंतिम मोहर लगती है। वहीं कुल मिलाकर वर्तमान में आधा दर्जन से अधिक ऐसे नाम कांग्रेस में पार्टी मुख्यालय से लेकर लखनऊ तक चर्चा में बने हुए हैं, जो विधानसभा उपचुनाव की दावेदारी पेश कर चुके हैं।

## सम्मान









गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कविनगर रामलीला मेले में इस बार लोकप्रियता के अपने तमाम रिकार्ड तोड दिये। रावण दहन के बावजूद अभी भी मेले के अंदर भारी संख्या में भीड़ आ रही है। आज मेले का समापन कर दिया जायेगा। सोमवार को दैनिक करंट क्राइम के संपादक दीपक भाटी का श्री धार्मिक रामलीला समिति के महामंत्री भूपेन्द्र चौपड़ा ने प्रभु श्रीराम का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस मौके पर मेले के आयोजन की प्रमुखता से जिम्मेदारी संभाल रहे दिवाकर सिंघल, दिव्यांशु सिंघल, नवेन्दु सक्सैना, विकास शर्मा, तरूण चोटानी सहित आयोजक समिति के समस्त सदस्य मौजूद रहे। मेले में 52 तरह की रामायण की प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र रहीं।

## संपादकीय

# मोटापा एक बड़ी समस्या

संसार में मोटापा एक बड़ी समस्या ही नहीं, बल्कि एक बड़े रोग की तरह फैल रहा है और ऐसे में, मोटापे की दवा खोजने में लगे वैज्ञानिकों का सम्मान सुखद व स्वाभाविक है। वैसे तो मोटापे की दवा खोजने के अभियान में अनेक वैज्ञानिकों का योगदान रहा है, पर उनमें से तीन वैज्ञानिकों को इस वर्ष के प्रतिष्ठित लास्कर पुरस्कार के लिए चुना गया है। सबसे कामयाब मोटापा–विरोधी दवाओं को विकसित करने में शामिल इन तीन वैज्ञानिकों के बारे में माना जा रहा है कि इन्हें चिकित्सा का नोबेल भी मिलेगा। आमतौर पर लास्कर पुरस्कार जीतने वाले वैज्ञानिक को ही नोबेल दिया जाता है। ये तीन सम्मानित वैज्ञानिक हैं– जोएल हेबेनर, स्वेतलाना मोजसोव और लोते बेजरे नुडसन। इनके द्वारा निर्मित दवा दरअसल ग्लूकागन– जैसे पेप्टाइड 1 (जीएलपी–1) नामक हार्मोन की नकल करती है, इससे रक्त–शर्करा के स्तर को कम करने और भूख नियंत्रित करने में मदद मिलती है। क्लिनिकल–अनुसंधान श्रेणी में लास्कर से सम्मानित इन तीनों वैज्ञानिकों को 2,50,000 अमेरिकी डॉलर की राशि मिलेगी। वास्तव में, बायोमेडिकल वैज्ञानिक जीएलपी–1 अनुसंधान की बढ़ती मान्यता से उत्साहित हैं। इसका मकसद शुरूआत में मधुमेह का इलाज करना था और मधुमेह के इलाज की तलाश में मोटापे की दवाएं हाथ लगी हैं।

गौर करने की बात है कि मोटापा के मोर्चे पर वैज्ञानिक लंबे समय से काम कर रहे हैं। शल्य क्रिया के अलावा कुछ दवाएं भी उपलब्ध हैं, जो मोटापे को घटाने में मदद कर सकती हैं। मोटापे के खिलाफ नई कामयाबी से यह पता चला है कि जीएलपी–1 आधारित दवाएं सिर्फ मोटापे और मधुमेह का इलाज नहीं करती हैं। वे हृदय रोग, किडनी रोग के इलाज में भी मददगार हो सकती है। इन दवाओं का इस्तेमाल स्लीप एपनिया में भी हो सकता है। इधर, स्लीप एपनिया के मामले बढ़ रहे हैं, मतलब, सोते समय सांस रुक–रुककर चलने की शिकायत बढ़ रही है। वास्तव में, एक अच्छी दवा जब बनती है, तो उसका व्यापक प्रयोग या उपयोग सामने आता है। जीएलपी–1 आधारित दवाओं पर और काम करने की जरूरत है, ताकि ज्यादा सुरक्षित दवाएं लोगों तक पहुंच पाएं।

वास्तव में, मोटापे पर दुनिया के अनेक वैज्ञानिक काम कर रहे हैं और तरह–तरह के शोध सामने आ रहे हैं। एक ताजा शोध से यह पता चलता है कि मोटापा भूख से जुड़े न्यूरॉन्स के आसपास आणविक जाल के निर्माण से प्रेरित होता है। यह भी पता चला है कि प्रोटीन और शर्करा के एक नेटवर्क का संचय, जिसे बाह्य कोशिकीय मैट्रिक्स कहा जाता है, इंसुलिन को भूख नियंत्रित करने वाले न्यूरॉन्स तक पहुंचने से रोकता है, इससे मोटापे को बल मिलता है। मोटापे से जुड़ी एक खबर यह भी है कि दुनिया भर में लाखों वयस्क वजन कम करने के लिए वेगोवी जैसी शक्तिशाली दवाएं ले रहे हैं, पर क्या बच्चों को भी ऐसा करना चाहिए? दरअसल, बच्चों में बढ़ता मोटापा एक बड़ी समस्या है। वैज्ञानिकों ने अपने प्रयोग में पाया है कि यह दवा लेने पर मोटे बच्चों को लाभ होता है, पर अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ये बच्चे जब बड़े होंगे, तब उनके साथ क्या होगा। कहीं ऐसा न हो कि बच्चों को बड़े होने के बाद भारी नुकसान उठाना पड़े। आज मोटापे की दवा अपनी जगह एक बड़ी जरूरत बन गई है, लेकिन ज्यादातर चिकित्सक यही चाहते हैं कि बच्चे हों या बड़े, स्वाभाविक या प्राकृतिक प्रयासों से ही अपना मोटापा घटाएं, इसी में स्थायी हित है।

# विदेश से पैसा भेजने में लगने वाले समय और लागत को कम करना जरूरी'



**नई दिल्ली।** आरबीआई गवर्नर ने कहा है कि डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख व्यापारिक मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था के माध्यम से तलाशी जा सकती है।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को विदेशों से धन भेजने में लगने वाले समय और लागत को कम करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह महत्वपूर्ण है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि नई प्रौद्योगिकी और भुगतान प्रणाली का उपयोग सीमा पार भुगतान में तेजी लाने और विस्तार के लिए किया जा सकता है। दास ने 'सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स' विषय पर आयोजित सम्मेलन के दौरान कहा, ₹भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं को तलाशने के लिए धन प्रेषण पहला कदम है। हमारा मानना है कि इस तरह के धन प्रेषण की लागत और समय को काफी कम करने की अपार संभावनाएं हैं। सके अलावा, उन्होंने कहा कि डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख व्यापारिक मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था के माध्यम से तलाशी जा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों तरीकों से सीमा पार तीव्र भुगतान प्रणालियों के संपर्क का विस्तार करने के प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। आरबीआई की ओर से शुरू किए गए ई रूपी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें कुशल सीमा पार भुगतान की सुविधा प्रदान करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ते हुए, मानकों और अंतर-संचालन में सामंजस्य सीबीडीसी को सीमा पार भुगतान और क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी गंभीर वित्तीय स्थिरता चिंताओं को दूर करने में सक्षम बनाएगा। आरबीआई गवर्नर ने बैंकिंग क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग पर भी चिंता जताते हुए कहा कि इससे साइबर हमले और आंकड़ों के लीक होने का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने कहा, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को इन सभी जोखिमों के खिलाफ पर्याप्त जोखिम उपाय करने चाहिए। बैंकों को एआई और बिगटेक फायदों का लाभ उठाना चाहिए।

## भारत की थोक मुद्रास्फीति सितंबर में 1.84 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली।** भारत की थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति सितंबर माह में 1.84 प्रतिशत हो गई। सरकार ने सोमवार को कहा कि भारत की थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति के सितंबर माह में बढ़ने का कारण खाद्य वस्तुओं और कुछ विनिर्माण क्षेत्रों की कीमतों में उछाल रहा। अगस्त में थोक महंगाई दर 1.31 प्रतिशत और जुलाई में 2.04 प्रतिशत थी। सितंबर महीने में थोक महंगाई दर में मासिक आधार पर अगस्त के मुकाबले 0.06 प्रतिशत का बदलाव रहा। सितंबर में थोक मूल्य सूचकांक में वृद्धि खाद्य पदार्थों, अन्य विनिर्माण, मोटर वाहनों के विनिर्माण, ट्रेलरों और अर्ध–ट्रेलरों के विनिर्माण, मशीनरी और उपकरणों के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण हुई। प्राथमिक वस्तुओं के लिए थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) अगस्त के 194.9 से सितंबर में 0.41 प्रतिशत बढ़कर 195.7 हो गया। अगस्त की तुलना में सितंबर में खनिजों (1.83 प्रतिशत), गैर–खाद्य वस्तुओं (1.31 प्रतिशत) और खाद्य वस्तुओं (0.86 प्रतिशत) की कीमतों में वृद्धि हुई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त की तुलना में सितंबर में कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की कीमतों में 5.74 प्रतिशत गिरावट आई। ईंधन एवं बिजली का सूचकांक अगस्त के 148.1 से 0.81 प्रतिशत घटकर सितम्बर में 146.9 हो गया। बिजली की कीमत (1.34 प्रतिशत) बढ़ी और खनिज तेलों की कीमत 1.72 प्रतिशत घटी। कोयले का सूचकांक सितंबर में 135.6 पर स्थिर रहा। विनिर्मित उत्पादों का सूचकांक अगस्त के 141.6 से 0.14 प्रतिशत बढ़कर सितंबर में 141.8 हो गया। कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक, ऑप्टिकल उत्पाद और पहनने वाले परिधान की कीमत में मासिक आधार पर वृद्धि दर्ज हुई। मूल धातुओं का विनिर्माण, वस्त्र, मोटर वाहन, ट्रेलर और अर्ध–ट्रेलर, रसायन और रासायनिक उत्पाद, मशीनरी और उपकरण को छोड़कर निर्मित धातु उत्पाद की कीमतों में कमी दर्ज हुई। प्राथमिक वस्तु समूह से 'खाद्य वस्तुएं' और विनिर्मित उत्पाद समूह से 'खाद्य उत्पाद' से युक्त डब्ल्यूपीआई खाद्य सूचकांक अगस्त में 193.2 से बढ़कर सितंबर, 2024 में 195.3 हो गया।

## 5जी के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में आएंगे 37 लाख करोड़ रुपये, दूरसंचार मंत्री ने किया दावा

**नई दिल्ली।** स्थित भारत मंडपम में दुनिया के सबसे बड़े दूरसंचार कार्यक्रमों में से एक वैश्विक मानक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, ₹केले भारत में, 5जी से 2040 तक अर्थव्यवस्था में 450 बिलियन डॉलर का निवेश होने का अनुमान है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि 5जी केवल तेज इंटरनेट का मामला नहीं है, बल्कि यह स्मार्ट शहरों, उन्नत बुनियादी ढांचे और स्वायत्त नवाचारों के लिए आधार तैयार कर रहा है। सिंधिया ने आगे कहा कि 5जी पहले ही सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हो चुका है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि केवल 22 महीनों में 98 प्रतिशत जिलों और 80 प्रतिशत आबादी को इसने कवर कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भारत की तकनीकी शक्ति क्षमता के साथ वैश्विक मानकों के अनुसार नवाचार में हमारे बदलाव के प्रयासों को भी दशार्ती है। उन्होंने कहा, हम स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और कृषि व विनिर्माण के क्षेत्र में संभावनाओं के नए द्वार खोल रहे हैं। मंत्री ने 5ॠ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी तकनीकों की पूरी क्षमता को अनलॉक करने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर जोर दिया।



उन्होंने कहा कि वैश्विक मानक यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं कि ये तकनीकें सीमाओं के पार सामंजस्यपूर्ण ढंग से काम करें। उन्होंने कहा, संवाद के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। 5ॠका चमत्कार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता की चमक और इंटरनेट ऑफ थिंग्स की उपयोगिता वैश्विक स्तर पर उद्योगों, समाजों और विनिर्माण प्रक्रियाओं और अर्थव्यवस्थाओं को बदल रही हैं। सिंधिया ने अकऔर जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के बढ़ने की स्थिति में गोपनीयता, पूर्वाग्रह और पारदर्शिता से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए नैतिक विचारों और नियामक ढांचे के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक नीतिगत ढांचे का आह्वान किया कि भविष्य के नवाचार, जैसे कि आगामी 6ॠतकनीक, सभी को समान रूप से लाभान्वित करें और मौजूदा डिजिटल विभाजन को गहरा न करें। उन्होंने कहा, आज हम एक नए तकनीकी युग के मुहाने पर खड़े हैं, मोबाइल नेटवर्क 6जी के दौर में प्रवेश करने वाला है, जहां संचार असीम हो जाएगा, जहां नवाचार की कोई सीमा नहीं होगी और मानवता द्वारा, परस्पर जुड़ाव हमारी साझा वैश्विक नियति की आधारशिला बन जाएगा। सिंधिया ने वैश्विक समुदाय से भविष्य के तकनीकी परिदृश्य को परिभाषित करने वाले मानकों को स्थापित करने और साझेदारी को बढ़ावा देने में एक साथ काम करने का भी आग्रह किया।

# हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 309 अंक चढ़ा

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी दिन हरे निशान पर खुला है। बीएसई का सेंसेक्स सुबह 9 बजकर 18 मिनट पर 309 अंक या 0.38 प्रतिशत चढ़ने के बाद 81,690.83 पर कारोबार कर रहा है। वहीं, एनएसई का निफ्टी 98.70 अंक या 0.40 प्रतिशत चढ़ने के बाद 25,062.9 पर कारोबार कर रहा है। बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 981 शेयर हरे, जबकि 401 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। वहीं, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1830 शेयर हरे और 901 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी बैंक 185.30 अंक या 0.36 प्रतिशत चढ़ने के बाद के 51,357.60 पर है। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 7.80 अंक या 0.01 प्रतिशत बढ़ने के बाद 59,220.50 स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी 100 इंडेक्स 77.95 अंक या 0.30 प्रतिशत चढ़ने के बाद 26,132.05 पर है। सेंसेक्स पैक में विप्रो, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा टॉप गेनर्स हैं। लूजर्स की लिस्ट में भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, एशियन पेंट्स, नेस्ले, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक टॉप लूजर्स हैं। एशियाई बाजारों में तेजी देखी जा रही है। टोक्यो, हांगकांग, बैंकॉक, जकार्ता और सोल के बाजारों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। अमेरिकी शेयर बाजार बीते कारोबारी दिन हरे निशान पर बंद हुए थे।




## राशिफल

**मेष:** पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है।

**वृष:** शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मिथुन:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी।

**कर्क:** लेन–देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है।

**सिंह:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर–बाहर पूछ–परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे।

**कन्या:** आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा।

**तुला:** प्रेम–प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक:** राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन–देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**धनु:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मकर:** राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है।

**कुंभ:** आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा।

**मीन:** पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है।

## चुटकुले

मास्टरजी– भैंस पूंछ क्यों हिलाती है?
छात्र– क्योंकि पूंछ में इतनी ताकत नहीं होती कि भैंस को हिला सके...

---

लड़की मेरा जानू, मेरे बेबी, मेरा बच्चा, माय स्वीटू,
मेरा भोलू, क्या तुम मुझसे शादी करोगे?
बोल मेरा बच्चा..
लड़का हैरान होकर अरे प्रपोज कर रही है,
या गोद ले रही है।

---

डॉक्टर – कैसे हो? शराब पीना बंद किया या नहीं?
मरीज – जी डॉक्टर साहब, बिल्कुल छोड़ दिया है।
बस कोई ज्यादा रिक्वेस्ट करता है तो पी लेता हूं।
डॉक्टर – बहुत बढ़िया... और यह तुम्हारे साथ कौन भाई साहब हैं?
मरीज – जी इनको रिक्वेस्ट करने के लिए रखा हुआ है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- टमाटर कई अलग–अलग तरीकों से खाया जाता है, फल की तरह कच्चा होता है, कई व्यंजनों, सॉस, साल्सा, सलाद, केचप या टमाटर के सूप में संसाधित होता है। एक इतालवी एनजीओ ने जाम्बियाई लोगों को कृषि की कमी वाले उपजाऊ घाटी में टमाटर को कैसे विकसित करना है, स्थानीय लोगों को भुगतान करने और भोजन उगाने के लिए उन्हें सिखाने का फैसला किया। जब टमाटर बड़े और परिपक्व हो गए, तो 200 हिप्पो नदी से निकल आए और सबकुछ खा लिया। जाम्बियन ने समझाया, यही कारण है कि हमारे यहां कोई कृषि नहीं है।
- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है।
- कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर आपके लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि अधिक फायदेमंद रसायनों को छोड़ दिया जाता है।
- टमाटर में विटामिन ए–सी, कैल्शियम, पोटेशियम होता हैं। न्यूट्रीकल्चर लिमिटेड, मावेस्ले, लंकाशायर, ब्रिटेन द्वारा उगाए गए पौधे जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड 11 मई 2000 के अनुसार सबसे लंबा टमाटर पौधा जो 19 .8 मीटर की ऊंचाई पर पहुंच गया था।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# महिला टी20 विश्व कप के बाद, भारत अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे खेलेगा



**नई दिल्ली ।** 2024 महिला टी20 विश्व कप के 20 अक्टूबर को दुबई में समाप्त होने के बाद, भारत 24, 27 और 29 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे खेलेगा।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा घोषित कार्यक्रमों के अनुसार, तीन मैचों की यह श्रृंखला आईसीसी महिला वनडे चैंपियनशिप 2022-25 का हिस्सा है। न्यूजीलैंड वर्तमान में 10 टीमों की चैंपियनशिप स्टैंडिंग में छठे स्थान पर है, जिसने अब तक अपने 18 वनडे में से केवल आठ जीते हैं। भारत, जो 2025 महिला वनडे विश्व कप का मेजबान है, ने इस मेगा इवेंट के लिए स्वचालित योग्यता प्राप्त कर ली है। भारत के अलावा, चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पांच टीमें मुख्य कार्यक्रम में आगे बढ़ेंगी, जबकि शेष चार टीमों को विश्व कप के लिए अपना स्थान हासिल करने के लिए क्वालीफायर से गुजरना होगा।

दोनों टीमों के छोटी वनडे सीरीज के लिए अपनी पूरी ताकत के साथ खेलने की उम्मीद है, इसका मतलब है कि दोनों टीमों के खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में 2024 महिला बिग बैश लीग (डब्लूबीबीएल) के शुरूआती मैचों से चूक जाएंगे।

इस साल के डब्लूबीबीएल में भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना, बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स, विकेटकीपर यास्तिका भाटिया, ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा, दयालन हेमलता और शिखा पांडे आठ टीमों की प्रतियोगिता में भाग लेंगी। न्यूजीलैंड की कप्तान-एवं-बल्लेबाजी ऑलराउंडर सोफी डिवाइन, सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स और लेग-स्पिन ऑलराउंडर अमेलिया केर भी टूनामेंट में खेलेंगी। 1 दिसंबर को डब्लूबीबीएल समाप्त होने के बाद, भारतीय टीम को 5-11 दिसंबर तक मौजूदा वनडे विश्व कप धारक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलने हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच हाल ही में चल रहे टी20 विश्व कप में मुकाबला हुआ था, जहां न्यूजीलैंड ने 6 अक्टूबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत पर 58 रनों से जीत दर्ज की थी।



# पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बेन स्टोक्स की वापसी

## इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग-इलेवन में दो बदलाव किए हैं

**मुल्तान ।** बेन स्टोक्स दो महीने के बाद एक बार फिर इंग्लैंड की प्लेइंग-एकादश में वापसी कर रहे हैं। हैमस्ट्रिंग में चोट की वजह से स्टोक्स की जगह ऑली पोप कप्तानी कर रहे थे लेकिन मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट में स्टोक्स कप्तानी करते हुए नजर आएंगे।

इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग-इलेवन में दो बदलाव किए हैं, स्टोक्स के लिए जहां क्रिस वोक्स को बाहर बैठना होगा। तो वहीं गस एटकिंसन को आराम देते हुए मैथ्यू पॉट्स को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड को लग रहा है कि दूसरा टेस्ट कम स्कोर वाला हो सकता है क्योंकि ये मुकाबला उसी पिच पर खेला जाएगा, जिसपर पहला टेस्ट खेला गया था। पिच पर हालांकि काफी पानी डाला गया है लेकिन तेज धूप की वजह से ये सूखी दिखाई दे रही है, लिहाजा दोबारा इस्तेमाल में लाई जाने वाली ये पिच स्पिन को मदद दे सकती है।

स्टोक्स लगातार नेट्स पर गेंदबाजी कर रहे हैं और माना जा रहा है कि पॉट्स और ब्राइडन कार्स के बाद वह तीसरे सीम गेंदबाज होंगे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी सलाहकार जेम्स एंडरसन ने कहा, मुझे लगता है ये स्पिन गेंदबाजों के लिए बड़ा हफ़्ता होने वाला है।

**बेन स्टोक्स दो महीने के बाद एक बार फिर इंग्लैंड की प्लेइंग-एकादश में वापसी कर रहे हैं।**

स्टोक्स के बारे में एंडरसन ने कहा, वह गेंद से कितना ज्यादा योगदान देंगे, ये तो कहना मुश्किल है लेकिन इतना तय है कि अच्छी खासी गेंदबाजी करते दिखेंगे।

पहले टेस्ट में इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों को खासा मेहनत करनी पड़ी थी, हालांकि इसके बावजूद उन्हें पारी से जीत नसीब हुई थी। एटकिंसन ने 39 ओवर डाले थे, जबकि कार्स ने 38 और वोक्स ने 35 ओवर की गेंदबाजी की थी। एटकिंसन और वोक्स ने इंग्लैंड के लिए इस सीजन सभी छह टेस्ट खेले हैं, इसलिए उन्हें आराम दिया गया है। जबकि पहले टेस्ट में डेब्यू करने वाले कार्स फिलहाल तरोताजा हैं।

बेन डकेट जिन्हें अंगूठे में चोट आई थी, वह अब फिट हैं और अपनी जगह बरकरार रखे हुए हैं।

स्टोक्स की वापसी के बाद जेमी स्मिथ एक स्थान नीचे यानी नंबर-7 पर बल्लेबाजी करेंगे जबकि स्टोक्स अपने पुराने और पसंदीदा नंबर-6 पर नजर आएंगे।

इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग-एकादश में उन्हीं स्पिनर्स को रखा है जो पहले टेस्ट का भी हिस्सा थे ।

# दूसरे टेस्ट के लिए पाकिस्तान ने प्लेइंग इलेवन घोषित, कामरान गुलाम करेंगे डेब्यू

**मुल्तान।** दाएं हाथ के बल्लेबाज कामरान गुलाम टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा की है, जो मंगलवार को मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा।

इंग्लैंड के खिलाफ चल रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान 1-0 से पीछे है और 16.67 प्रतिशत के साथ चल रही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में भी सबसे निचले स्थान पर है। गुलाम, जिन्होंने पाकिस्तान के लिए एक वनडे कैप अर्जित की है, ने 59 प्रथम श्रेणी मैचों में 49.17 की औसत से 4377 रन बनाए हैं, जिसमें 16 शतक और 20 अर्द्धशतक शामिल हैं।

वह बाबर आजम की जगह प्लेइंग इलेवन में शामिल हुए हैं, जिन्हें सीरीज के बाकी मैचों से आराम दिया गया है। शाहीन शाह अफरीदी और



नसीम शाह को भी आराम दिया गया है और अबरार अहमद डेंगू बुखार के कारण उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए पाकिस्तान ने अपने गेंदबाजी संयोजन में बड़े पैमाने पर बदलाव करने का फैसला किया है।

उन्होंने तीन पूर्णकालिक स्पिनरों - नोमान अली, साजिद खान और जाहिद महमूद - के साथ सलमान आगा के अंशकालिक कौशल और आमिर जमाल के रूप में सिर्फ एक तेज गेंदबाज को शामिल किया है। 36 वर्षीय महमूद ने पाकिस्तान के लिए पहले दो टेस्ट मैच खेले हैं, दोनों ही 2022 की सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ थे।

गेंदबाजी संयोजन में नाटकीय बदलाव का फैसला नवगठित चयन समिति के इस विश्वास के साथ आया है कि मुल्तान की पिच, जिसका इस्तेमाल पहले टेस्ट में किया गया था, पहले ओवर से ही स्पिन लेने के लिए काफी अच्छी है।

मुल्तान में पहले टेस्ट में, पाकिस्तान को इंग्लैंड के हाथों पारी और 46 रनों से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा, जिससे वे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली टीम बन गए, जो अपनी पहली पारी में 500 से अधिक रन बनाने के बाद एक पारी से हार गई। पाकिस्तान की प्लेइंग इलेवनः सईम अयूब, अब्दुल्ला शफीक, शान मसूद (कप्तान), कामरान गुलाम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सलमान अली आगा, आमिर जमाल, नोमान अली, साजिद खान और जाहिद महमूद है ।

## स्मिथ भारत के खिलाफ टेस्ट मैचों में मध्यक्रम में वापस आएंगे : जॉर्ज बेली

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ इस साल के अंत में भारत के खिलाफ पांच मैचों



की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने उतरेंगे, इसकी पुष्टि मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने की है। सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद डेविड वार्नर के संन्यास लेने के बाद स्मिथ टेस्ट मैचों में चौथे नंबर से ओपनिंग करने आए थे। लेकिन वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों में ओपनर के तौर पर खेलते हुए स्मिथ को सफलता नहीं मिली, उन्होंने 28.50 की औसत से 171 रन बनाए।साथ ही, बेली ने पुष्टि नहीं की कि स्मिथ चौथे नंबर पर खेलेंगे या नहीं।

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ग्रीन बाहर, आईपीएल भी नहीं खेल पाएंगे

**नईदिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी कैमरन ग्रीन को पीठ में तकलीफ की वजह से सर्जरी से गुजरना होगा, जिसका मतलब ये हुआ कि वह अब भारत के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। ग्रीन को पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर है जिसके लिए उन्होंने सर्जरी का विकल्प चुना है, उनकी वापसी अब कम से कम छह महीने बाद ही मुमकिन हो पाएगी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मेडिकल स्टाफ के साथ पिछले दो हफ़्तों से चल रही लंबी बातचीत के बाद ग्रीन ने ये फैसला किया है। सीए का मानना है कि वैसे तो सर्जरी के बाद वापसी और पूरी तरह ठीक होना खिलाड़ी के ऊपर निर्भर होता है और इसमें नौ महीनों तक का वक़्त लग सकता है। हालांकि उन्हें भरोसा है कि ग्रीन छह महीनों में वापसी कर सकते हैं। छह महीने क्रिकेट से दूर होने का



मतलब है कि ग्रीन अब भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ-साथ श्रीलंका के खिलाफ अहम टेस्ट सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का हिस्सा नहीं होंगे। इसके अलावा वह आईपीएल भी नहीं खेल पाएंगे और अगर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) फाइनल में ऑस्ट्रेलिया पहुंचती है तो वहां भी ग्रीन टीम का हिस्सा नहीं रहेंगे। सीए का मानना है कि अगले साल जून और जुलाई में कैरेबियाई दौरे पर जाने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का भी ग्रीन अब हिस्सा नहीं रह पाएंगे, उनकी वापसी होने के बाद गेंदबाजी के लिए वह कब तैयार होते हैं ये भी देखना अहम होगा।

ईएसपीएनक्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक न्यूजीलैंड के सर्जन ग्रैम इंगलस और रोवैन शूटेन ही ग्रीन की सर्जरी कर सकते हैं। इन दोनों ने इसी तरह की परेशानी से जूझ रहे 26 खिलाड़ियों की पिछले दो दशकों में सफल सर्जरी की है। उनमें से एक काइल जेमीसन की सर्जरी सफल नहीं हो पाई थी लेकिन उनकी बीमारी बेहद पेचीदा थी। हालांकि न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा है कि जेमीसन अब वापसी के कगार पर हैं और दिसंबर में शुरू हो रहे सुपर स्मैश में नजर आ सकते हैं।

इनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज बेन ड्वारशिवस भी इन्हीं सर्जन से 2019 में अपना इलाज करा चुके हैं।

# हम खिलाड़ियों को जोखिम वाली क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित करेंगे: गौतम गंभीर ने कहा

**बेंगलुरु, ।** न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले, भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम थिंक-टैंक अपने बल्लेबाजों को लंबे प्रारूप में उच्च जोखिम वाली क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित करना जारी रखेगा।



कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए बारिश से प्रभावित अपने आखिरी टेस्ट मैच में, भारत ने 285/9 पर पहली पारी घोषित करने से पहले लंबे प्रारूप में सबसे तेज 50, 100, 150, 200 और 250 रन बनाने के नए रिकॉर्ड स्थापित करके सभी को चौंका दिया।

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने इसके बाद 17.2 में 95 रनों का पीछा करते हुए धमाकेदार जीत हासिल की और सीरीज 2-0 से अपने नाम की।

हम चाहते हैं कि लोग आक्रामक हों, मैदान पर उतरें और स्वाभाविक खेल खेलें। हमें लोगों को रोककर रखने की क्या जरूरत है? अगर वे स्वाभाविक खेल खेल सकते हैं, एक दिन में 400 या 500 रन बना सकते हैं, तो क्यों नहीं?

गंभीर ने श्रृंखला से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैंने हमेशा कहा है कि टी20 क्रिकेट को इसी तरह से खेला जाना चाहिए, और हम इसी तरह से खेलेंगे।

उच्च जोखिम, उच्च इनाम, उच्च जोखिम, उच्च विफलता, और हम इसी तरह से खेलना जारी रखेंगे। ऐसे दिन भी आएंगे जब हम 100 रन पर आउट हो जाएंगे, लेकिन हम इसे स्वीकार करेंगे, अपने खिलाड़ियों को वहां जाकर उच्च जोखिम वाला क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित करना जारी रखेंगे। हम इसी तरह से खेलना चाहते हैं, इस देश के लोगों का मनोरंजन करना चाहते हैं, और यहां तक कि टेस्ट क्रिकेट में भी, हम खेल को आगे बढ़ाना चाहते हैं, और जिस भी स्थिति में हम हों, उसमें परिणाम प्राप्त करने का प्रयास करना चाहते हैं।" न्यूजीलैंड ने 1988 के बाद से भारत में कोई टेस्ट मैच नहीं जीता है, लेकिन गंभीर ने कहा कि मेजबान टीम टॉम लैथम की अगुआई वाली टीम को हल्के में नहीं लेगी, क्योंकि उनके पास बेहतरीन खिलाड़ी हैं और वे खेल के किसी भी समय मेहमान टीम को जीत की ओर ले जाने में सक्षम हैं। देखिए, न्यूजीलैंड एक बिल्कुल अलग चुनौती है।



हम जानते हैं कि वे बहुत ही पेशेवर टीम हैं, उनके पास कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं जो हमें नुकसान पहुंचा सकते हैं और उनके लिए भी काम कर सकते हैं। इसलिए, हम उनका सम्मान करते हैं, लेकिन हम किसी से नहीं डरते। मैंने कई बार कहा है कि हम हमेशा हर विपक्षी टीम का सम्मान करेंगे, निस्वार्थ, विनम्र रहेंगे, क्रिकेट के मैदान पर जितना संभव हो सके उतना खेल खेलने की कोशिश करेंगे। एक बार मैच खत्म हो जाने के बाद, हम जितना संभव हो सके उतना विनम्र बने रहने की कोशिश करना चाहते हैं। लेकिन हमें पहली गेंद से ही सक्रिय होने की जरूरत है, और यह सहयोगी स्टाफ की जिम्मेदारी है।

# तमिलनाडु ने सौराष्ट्र को पारी और 70 रनों से हराया

**कोयंबटूर (तमिलनाडु), ।** तमिलनाडु ने रणजी ट्रॉफी 2024-25 सत्र में अपने अभियान की शुरूआत एलीट ग्रुप डी में सौराष्ट्र पर पारी और 70 रनों की शानदार जीत के साथ की, जब अंबाला में जन्मे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने छह विकेट लेकर मेहमान टीम को कोयंबटूर स्टेडियम में दूसरी पारी में मात्र 94 रनों पर ढेर कर दिया।



घरेलू क्रिकेट में पावरहाउस सौराष्ट्र के पास गुरजपनीत के विनाशकारी स्पैल का कोई जवाब नहीं था, क्योंकि उन्होंने उनकी प्रसिद्ध बल्लेबाजी लाइन-अप को तहस-नहस कर दिया। 14-5-22-6 के उनके उल्लेखनीय आंकड़ों में अनुभवी चेतेश्वर पुजारा और शेल्डन जैक्सन के महत्वपूर्ण विकेट शामिल थे, साथ ही चिराग जानी, अर्पित वासवदा और प्रेरक मांकड़ जैसे मध्यक्रम के प्रमुख बल्लेबाज भी शामिल थे।

तमिलनाडु की शानदार जीत की नींव पहली पारी में ही पड़ गई थी, जब उनके गेंदबाजों ने सौराष्ट्र को 203 रनों पर रोक दिया था। जवाब में, तमिलनाडु के बल्लेबाजों ने मोर्चा संभाला, जिसमें नारायण जगदीशन ने शतक जड़ा। साई सुदर्शन ने 82 रनों का योगदान दिया, जबकि प्रदोष रंजन पॉल ने 49 रनों की पारी खेली, जिससे तमिलनाडु ने 367 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

जब सौराष्ट्र फिर से बल्लेबाजी करने उतरा, तो वे स्पष्ट रूप से दबाव में थे। गुरजपनीत ने शुरूआत में ही चेतेश्वर पुजारा को छह गेंदों पर शून्य पर आउट कर दिया। भारी बारिश के बाद पिच को ठीक करने के लिए ग्राउंड स्टाफ के प्रयासों के बावजूद, परिस्थितियां तमिलनाडु के तेज गेंदबाजों के अनुकूल साबित हुईं और गुरजपनीत ने इसका पूरा फायदा उठाया।

सौराष्ट्र की बल्लेबाजी के ध्वस्त होने से तमिलनाडु को पारी से बड़ी जीत मिली, जिससे उसे मैच से सभी सात अंक प्राप्त हुए। यह जीत टीम के लिए एक आदर्श शुरूआत है, क्योंकि अब वे 18 अक्टूबर को दिल्ली के खिलाफ अपने अगले मैच पर नजर गड़ाए हुए हैं।

# हरमनप्रीत कौर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौके गंवाने पर अफसोस जताया

## हरमनप्रीत ने दो और कारणों की पहचान की, कि उनका प्रयास अपर्याप्त क्यों था

**शारजाह ।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने चौथे विकेट के लिए दीप्ति शर्मा के साथ 63 रनों की साझेदारी के दौरान ढीली गेंदों का फायदा उठाने के मौके गंवाने पर निराशा व्यक्त की, क्योंकि महिला टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले में उनकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 9 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

रविवार की रात को मिली मामूली हार के बाद हरमनप्रीत की टीम को ग्रुप ए से सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पाकिस्तान की मदद की जरूरत है, क्योंकि गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने जीत के साथ टूनामेंट के नॉकआउट चरण के लिए आधिकारिक रूप से क्वालीफाई कर लिया है।

हरमनप्रीत की शानदार 54 रनों की नाबाद पारी की बदौलत भारत गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर टूनामेंट बचाने वाली जीत के बेहद करीब पहुंच गया। उन्होंने भारत के लिए फिर से तैयारियां



कीं, क्योंकि वे जीत के लिए 152 रनों का पीछा कर रहे थे, और उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया, जिससे अंतिम ओवर में 14 रनों की आवश्यकता थी।

लेकिन एनाबेल सदरलैंड के अंतिम ओवर में चार विकेट गिरे, जिसमें दो रन आउट भी शामिल थे, क्योंकि भारत और कौर जीत की पोस्ट से चूक गए।

मैच के बाद प्रेजेंटेशन में बोलते हुए, हरमनप्रीत ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की गुणवत्ता की गहराई ने उस दिन जीत हासिल की। मुझे लगता है कि उनकी पूरी टीम योगदान देती है; वे एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं हैं, उनके पास बहुत सारे ऑलराउंडर हैं जो योगदान देते हैं। हमने भी अच्छी योजना बनाई और हम खेल में मौजूद थे। उन्होंने आसान रन नहीं दिए और इसे मुश्किल बना दिया। वे एक अनुभवी टीम हैं।

हरमनप्रीत ने दो और कारणों की पहचान की कि उनका प्रयास अपर्याप्त क्यों था। बीच के ओवरों में, उन्होंने और दीप्ति शर्मा ने स्कोरिंग रेट को इतना ऊंचा नहीं रखा, जिन्होंने मिलकर मैच में भारत की स्थिति को बहाल किया। इसके अलावा, मैच के महत्वपूर्ण क्षणों में, ऑस्ट्रेलिया की पिछली सफलता एक मूल्यवान संपत्ति के रूप में काम आई।



जब मैं और दीप्ति बल्लेबाजी कर रहे थे, तो हम कुछ ढीली गेंदों को हिट नहीं कर पा रहे थे। हम ऑस्ट्रेलिया से बहुत कुछ सीख सकते हैं। जो कुछ भी हमारे हाथ में था, हम उसे करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन यह हमारे नियंत्रण में नहीं है। अगर हमें एक और मैच खेलने का मौका मिलता है, तो यह बहुत अच्छा होगा। लेकिन अन्यथा, जो भी टीम वहां होने का हकदार है, वह वहां होगी।

सोमवार को न्यूजीलैंड पर पाकिस्तान की जीत से ही भारत ग्रुप चरण में शीर्ष दो में जगह बना पाएगा, लेकिन तब भी 'नेट रन रेट' भारत को नॉकआउट में जगह बनाने से रोक सकता है।

हरमनप्रीत ने कहा, यह कुछ ऐसा है जो आपके नियंत्रण में नहीं है, आपको हमेशा अपनी प्लेइंग इलेवन तैयार रखनी होती है, भले ही एक या दो खिलाड़ी बाहर हो जाएं।


# रेसिंग के तीन विभिन्न प्रारूपों में होगी भारतीय नौसेना नौकायन चैम्पियनशिप

**नई दिल्ली ।** भारतीय नौसेना की सबसे बड़ी नौकायन प्रतियोगिता, 'भारतीय नौसेना नौकायन चैम्पियनशिप' आयोजित होने जा रही है। 'भारतीय नौसेना नौकायन चैम्पियनशिप' (आईएनएससी) 16 अक्टूबर से प्रारंभ होगी और 19 अक्टूबर तक तक यह प्रतियोगिता जारी रहेगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए), एझिमाला में किया जाएगा।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारतीय नौसेना के 100 से अधिक प्रतिभागी हैं। इनकी मेजबानी और रेसिंग के तीन विभिन्न प्रारूपों में पांच विभिन्न वर्गों की नौकाओं में नौकायन कौशल का परीक्षण होगा। यह परीक्षण आईएनए स्थित मरक्कर वाटरमैनशिप प्रशिक्षण केंद्र (एमडब्ल्यूटीसी) द्वारा किया जाएगा।

भारतीय नौसेना नौकायन चैम्पियनशिप (आईएनएससी) एक वार्षिक अंतर कमान कार्यक्रम है।





इसका आयोजन नौसेना मुख्यालय स्थित भारतीय नौसेना नौकायन संघ (आईएनएसए) के तहत प्रतिस्पर्धी नौकायन में नौसेना कर्मियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए किया जाता है।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस प्रतियोगिता में नौसेना की तीनों कमानों के अधिकारी, कैडेट और नाविकों व अग्निवीरों की टीमें भाग लेंगी। नौकायन के चार सबसे लोकप्रिय प्रारूपों में रेसिंग होगी। महिलाओं के लिए फ्लीट रेसिंग इंटरनेशनल लेजर क्लास एसोसिएशन (आईएलसीए-6) क्लास बोटिंग होगी। पुरुषों के लिए आईएलसीए -7 क्लास बोट और विंडसर्फिंग ओपन बिक बीच क्लास बोटिंग होगी। टीम रेसिंग एंटरप्राइज क्लास बोट में होगी।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारतीय नौसेना जल कौशल गतिविधियों पर विशेष जोर देती है। नौकायन खेल, नौसेनिकों में नौचालन कौशल, सौहार्द, साहस और अन्य नेतृत्व गुणों को विकसित करने के लिए है।

गौरतलब है कि हाल ही में भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी ह्यनाविका सागर परिक्रमाह्न अभियान के जरिए दुनिया का चक्कर लगाने के असाधारण मिशन पर निकली हैं।

भारतीय नौसेना के नौकायन पोत तारिणी पर 2 अक्टूबर को ये दो साहसी महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए. के. इस चुनौतीपूर्ण अभियान पर रवाना हुई हैं। इस ऐतिहासिक यात्रा को नेवल ओशन सेलिंग नोड, आईएनएस मंडोवी, गोवा से हरी झंडी दिखाई थी।

# पार्षद को गोली लगने का मामला पुलिस ने ससुर के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा, दशहरे पर गन शॉट से हुई थीं घायल

## मामला साबित होने पर हो सकती है सजा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कविनगर थाना पुलिस ने रजापुर की पार्षद शशि गौतम को गोली लगने के मामले में सुसर राजकुमार गौतम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि पार्षद को दशहरे के मौके पर शस्त्र पूजा के दौरान गोली लगी थी। महिला पार्षद को घायल अवस्था में सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया था।




### सूचना पाकर पहुंची थी पुलिस

एसआई ललित कुमार ने तहरीर में कहा है कि मुखबिर की सूचना पर उन्हें पार्षद शशि गौतम पत्नी डा. पवन गौतम को गोली लगने की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर जाकर जांच करने पर पता चला कि शस्त्र पूजन के दौरान राजकुमार गौतम की डबल बैरल बंदूक से लापरवाही से चली गोली पार्षद शशि गौतम को लगी। शशि गौतम के हाथ और पैर में चोटें आने से वह घायल हो गईं। इस तहरीर पर कविनगर थाना पुलिस ने ससुर राजकुमार गौतम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एसआई ललित ने दर्ज ने कराई एफआईआर

मामले में पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर पार्षद शशि गौतम के ससुर राजकुमार गौतम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसआई ललित कुमार की तहरीर पर कविनगर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस ) की धारा-125ए और आयुध अधिनियम-1959 की धारा 30 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया हुआ है।

बीएनएस धारा 125 (ए) के अंतर्गत लापरवाही से किए गए कृत्य जो मानव जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालते हैं। नुकसान के हिसाब से सजा की गंभीरता बढ़ती जाती है, जो तीन महीने की कैद या जुमार्ना से लेकर गंभीर नुकसान के लिए तीन साल की कैद या जुमार्ना तक हो सकती है। वहीं आयुध अधिनियम-1959 की धारा-30 के लाइसेंस के रखरखाव के नियम का उल्लंघन करने पर छह माह तक की सजा का प्रावधान है।

# पुलिस ने मुठभेड़ में जिला बदर गोकश को मारी गोली, दो छुरे और रस्सा बरामद करने का दावा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिले के मसूरी थाना पुलिस ने सोमवार तड़के मुठभेड़ के दौरान एक जिला बदर गोकश को गिरफ्तार करने का दावा किया है। एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि अभियुक्त के पैर में गोली लगी है। अभियुक्त राशिद, भौंडी पुत्र नजीर नाहल गांव का रहने वाला है। वह शातिर किस्म का बदमाश है। राशिद के खिलाफ चोरी, लूट एनडीपीएस, गैंगस्टर और गोकशी के एक दर्जन मामले दर्ज हैं। उसके इलाके में बढते खौफ के चलते एडीसीपी दिनेश कुमार पी. के न्यायालय से जिला बदर की कार्रवाई की गई थी, लेकिन अभियुक्त में जिले में ही मौजूद रहा।

### गोकश के साथ ऐसे हुई पुलिस की मुठभेड़

एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक जिला बदर चल रहे गोकश को हिरासत में लिया था। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राशिद उर्फ भौंडी पुत्र नजीर निवासी नाहल बताया। अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि गौकशी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले औजार उसने गंगनहर पटरी के पास झाड़ी में छिपाए हुए हैं। बरामदगी के लिए पुलिस उसे बताए गए स्थान पर लेकर पहुंची, जहां झाड़ी से उसने लोडेड तमंचा निकाल कर पुलिस टीम पर गोली चला दी। बचाव में पुलिस को भी गोली चलानी पड़ी, जो अभियुक्त के पैर में लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा।



### तमंचा, दो छुरे और रस्सा बरामद

दाहिने पैर में गोली मारने के बाद पुलिस ने राशिद को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा, गोकशी के लिए झाड़ी में उसके द्वारा छिपाकर रखे गए दो छुरे और रस्सा बरामद किया है। एसीपी ने बताया कि घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




### विदेशी दौरे से अरहर की दाल आनी है और चावलों का दान होना है

देश वाले विदेश दौरे पर है और महामहिम के साथ इंटरनेशनल टूर का मतलब ही ये है कि भगवा गढ़ का भी मान बढ़ा है। तीन का सीन क्या है इसे भी फूल वालों ने ही बता दिया है। वो बता रहे हैं कि तीन में से दो का तो पता नही पर एक व्यापार कौशल वाली बुद्धि रखते हैं और बारगेन को इंटरनेशनल लेवल पर कर सकते हैं और बारीकियों को समझ सकते हैं। पता चला है कि उधर से अरहर की दाल आनी है और इधर से चावलों का दान होना है। कहने वाले ने कहा कि हमारे लिये ये भी बड़ा अचीवमेंट हैं कि कम से कम सरकार ने इंटरनेशनल वाला लेवल तो माना है उनका। कुछ भी हो मगर गुरू उन्होने कमाल तो कर ही दिया है और सीन पहले नेशनल हुया और अब इंटरनेशनल।

### ज्यादा ना होना मस्त क्योंकि प्रस्ताव शासन में होना है निरस्त

हाऊस टैक्स को लेकर निगम की मुखिया और निगम के बड़े अफसर के बीच सीन कुछ कोल्डवार जैसा हो गया। सरकार वालों ने सगंठन वालों के दफ्तर में बैठकर आरपार का एलान किया। मेयर ने कहा कोई टैक्स मत देना और अफसर ने मुनादी कराई कि जल्दी जमा करा दो। बोर्ड बैठक आई तो कोल्ड वॉर वाले भी आमने सामने थे। इस बीच पता चला कि निगम की दुकानों के मामले में भी प्रस्ताव आना है। फूल मेंबरों को साइलेंट रहने के निर्देश थे और दुकानों को सेल करने की बात थी। पता चला कि सेल के नाम पर खेल हो गया। जिन दुकानों को सेल करने का प्रस्ताव भेजना था उस प्रस्ताव पर तो सदन में चर्चा ही नही हुई। जब चर्चा ही नही हुई तो कौन सा प्रस्ताव और कैसी दुकाने वाला सीन हो गया। जमीनों से जुड़े फूल वालों की माने तो दुकानदार इन दुकानों को खरीदने का सपना पालकर ज्यादा मस्त ना हो। तकनीकी रूप से ये प्रस्ताव आयेगा ही नही और आ भी गया तो ये प्रस्ताव शासन में निरस्त ही होना है। वैसे भी खर्चा करने को तो सवाल तब उठता जब सदन में कोई चर्चा होती। जब चर्चा ही नही हुई तो फिर भेजेगा कौन निगम दुकानों की सेल के प्रस्ताव को सरकार के पास तक।

### अफसर बोला मैडम बी केयरफुल यहां हैं सीसीटीवी कैमरे

विकास वाले महकमें से किस्सा हसीना के आगमन का गूंज रहा है। हसीना के मन की हसीना जाने लेकिन साहब को पहले तो पसीना आ गया फिर उन्होने शालीन हिन्दी में समझा दिया कि देखो मैडम यहां सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। बताते हैं कि कोई काम निकाल कर मैडम फुल मुस्कान के साथ महकमें में एंटर हुई। चपरासी पूछे काम तो काम ना बताये और बार बार साहब से मिलने की रट लगाये। सुना है कि फिर साहब को ही बतानाा पड़ा मैडम यहां कैमरे लगे हैं और ये सब चलते भी हैं। कैमरों की बात सुनने के बाद मैडम ने कमरे से बाहर निकलना ही ठीक समझा। वैसे महकमें के कई चपरासी बता रहे हैं कि भाईसाहब क्या बतायें कि ऐसे ऐसे केस रोजाना ही आ रहे हैं।

# राजनगर रामलीला के मंचन के दौरान ऊंट की मौत

## पुलिस ने रामलीला कमेटी समेत इन विभागों को जारी किया नोटिस

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में रामलीला मंचन के दौरान ऊंट की मौत के मामले में कविनगर थाना पुलिस ने नोटिस जारी किए हैं। पुलिस ने संबंधित रामलीला कमेटी के अलावा वन विभाग, नगर निगम और पशुपालन विभाग को नोटिस भेजकर बयान दर्ज कराने के लिए कहा है। मामले में एक सामाजिक संस्था की तहरीर में मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।




### पशु क्रूरता का मामला हुआ है दर्ज

राजनगर रामलीला कमेटी के द्वारा सेक्टर-10 में रामलीला के मंचन के दौरान लोगों के मनोरंजन के लिए दो ऊंट लाए गए थे। ऊंट के जरिए रामलीला मैदान में सवारी कराई गई। इनमें से एक ऊंट की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। मामले में आयोजकों ने ऊंट के बीमार होने की जानकारी से इंकार किया था।

सदर वन रेंजर विकास चिंटोरिया ने बताया कि मेले में ऊंट की मौत की सूचना पर टीम गई थी। ऊंट की उम्र सात वर्ष थी और बीमार बताया जा रहा था। ऊंट एक पालतू जानवर है। पालतू जानवरों की जिम्मेदारी पशुपालन विभाग की है। पशुपालन विभाग की बताएगा कि ऊंट को क्या बीमारी हुई और क्या कोई उपचार दिया गया या नहीं।

### निगम, पशुपालन और वन विभाग को भेजे नोटिस

एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि एक सामाजिक संस्था ने कविनगर थाना पुलिस को ऑनलाइन शिकायत भेजकर रामलीला कमेटी पर पशु क्रूरता का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। रामलीला समिति, वन विभाग, पशुपालन और नगर निगम को नोटिस जारी कर बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस भेजा गया है।

### एफआईपीओ ने कराई थी एफआईआर

फेडरेशन ऑफ इंडियन एनिमल्स प्रोटेक्शन ऑर्गनाइजेशन (एफआईपीओ) की प्रबंधक अनामिका ने कविनगर थाना पुलिस को ऑनलाइन शिकायत भेजकर आरोप लगाए हैं कि श्री रामलीला समिति राजनगर ने मेले में मोटी कमाई के लिए ऊंट को शामिल किया गया था। जिस पर भारी भरकम लोगों को बैठाकर सवारी कराई गई।

# स्कूल जाने के लिए टोका तो 15 वर्षीय छात्र ने लगाई फांसी

**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** गाज़ियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र के इंदरगढ़ में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां 15 वर्षीय आदित्य पुत्र अनिल कुमार, जो 9वीं कक्षा का छात्र था, ने अपने पिता की डांट से आहत होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह मामला गार्डन एनक्लेव चौकी क्षेत्र का है। घटना के समय आदित्य की मां अपने मायके गई हुई थी और घर पर सिर्फ पिता और पुत्र ही थे। सुबह के समय आदित्य स्कूल नहीं गया। जिस पर उसके पिता अनिल ने उसे डांटा और फिर घर से बाहर चले गए। जब अनिल बाहर थे, पड़ोसियों ने देखा कि घर का दरवाजा बंद है और आदित्य ने काफी देर तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। पड़ोसियों की शिकायत पर अनिल वापस आया और दरवाजा खोलने की कोशिश की। तब उसने देखा कि उसका पुत्र आदित्य फंदे से लटका हुआ था। घबराए अनिल ने आदित्य



को पास के अस्पताल में ले जाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है और परिवार के सदस्यों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

15 वर्षीय आदित्य ने पिता की डांट के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या की। पड़ोसियों की सूचना पर पिता अनिल ने दरवाजा तोड़कर बेटे को फंदे पर लटका हुआ पाया। यह घटना एक गंभीर सामाजिक मुद्दे की ओर इशारा करती है। जहां बच्चों पर भावनात्मक दबाव के परिणामस्वरूप ऐसी त्रासदीपूर्ण घटनाएं हो रही हैं। पुलिस द्वारा मामले की आगे की जांच की जा रही है, और परिवार में शोक का माहौल व्याप्त है।


### फसल जलने पर युवक ने की थी आत्महत्या, एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**मोदीनगर करंट क्राइम।** चार दिन पूर्व हुई युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि इस हत्याकाण्ड में दो फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। बताते चले कि कस्बा निवाड़ी में गुरुवार सांय युवक शिव सैनी (18) का शव पेड़ से लटका हुआ मिला था। इससे क्षुब्ध हो परिजनों व ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगाते हुये निवाड़ी थाने पर जमकर हंगामा किया था। इस मामले में मृतक के भाई सचिन की तहरीर पर पुलिस ने मंगल त्यागी, कपिल त्यागी व रतन त्यागी निवासी कस्बा निवाड़ी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। इतना ही नही शुक्रवार को परिजनों ने निवाड़ी स्थित हनुमान चैक के सामने सड़क पर शव रखकर जमकर हंगामा किया था। परिजनों की मांग थी, कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाए।




### क्या नदियापार को लेकर आएगा कोई आदेश

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते दिनों एक रैंकिंग रिपोर्ट आई थी। रैंकिंग रिपोर्ट में भले कमिश्नरेट की स्थिति बिगड़ी हो लेकिन थानों का हाल भी किसी से छुपा नहीं है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि आई रैंकिंग रिपोर्ट का असर नदियापार के थानों में पढ़ सकता है। सुनने में आ रहा है कि एक टू-स्टार वाले थाने को लेकर रिपोर्ट निगेटिव चल रही है। वैसे वो भी फुल काम करने के बाद ही देहात से सीधे नदियापार के खास वाले थाने पर आए थे। उनकी पारी ठीक चल चुकी है वैसे भी वो जिस सिंग इज किंग वाले सर्किल से जुड़े हैं वहां पर ज्यादा दखल कोई कर नहीं पाता है। वहीं पुलिस विभाग वाले बता रहे हैं कि दो थाने ऐसे हैं जहां की रिपोर्ट बेहद डाउन है। वह एकदम अंतिम पायदान पर हैं, तो वही सुनने में आ रहा है कि एक थाने के टू-स्टार का मामला थोड़ा टाइट चल रहा है। सूत्र तो यह भी कह रहे हैं कि यह टू-स्टार किसी मामले के शिकार हो गए थे, पर अभी मामला गुप्त वाला बना हुआ है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक टू-स्टार प्रभारी ऐसे हैं जिन्होंने



फुल वाला एनकाउंटर भी किया था, उनको भी प्रमोशन मिल सकता है और वह दिल्ली से सटे वाले खास थाने पर दिवाली से पहले काबिज हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि वह नदियापार वालों की लिस्ट में सबसे बेस्ट हैं। वर्किंग से लेकर मैनेजमेंट में वह टॉप पर चल रहे हैं। गुड वर्क से लेकर बेड वर्क कंट्रोल में उनका रिकॉर्ड ठीक बना हुआ है। इसके साथ ही लगातार अपनी टीम के साथ गुड वर्क कर रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं की नदियापार के हिंडन नदी से सेट वाले थाने और दिल्ली बॉर्डर से सबसे पास वाले थाने के प्रभारी के लिए इसी माह कोई नया आदेश और निर्देश आ सकता है। वैसे हिंडन नदी के पास वाले मजबूत माने जाते हैं, तभी कारवाई होने के बावजूद भी उन्होंने अपनी नाव लंबी चलाई थी। अधिकारियों ने उन पर फिर भरोसा जताया है और वह फिर थाने के प्रभार पर हैं। तो वहीं दिल्ली बॉर्डर से सटे वालों का मामला थोड़ा डाउन सा नजर आ रहा है, पर देखना होगा उस थाने का क्राउन कि टू-स्टार के सिर पर सजाया जाता है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि फुल एनकाउंटर करने वाले को ही दीपावली से पहले कुछ गिफ्ट मिल सकता है।

# प्लाट बेचने के नाम पर दो लोगों से 19.30 लाख की धोखाधड़ी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नंदग्राम में प्लॉट बेचने के नाम पर दो लोगों से 19.30 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी होने की बात कही है।

पटेलनगर निवासी सुधीर शर्मा ने बताया कि 2022 के अंत में उनकी मुलाकात एक परिचित के माध्यम से एक प्रॉपर्टी डीलर से हुई थी। उसने दावा किया कि नंगला फिरोजपुर में उसकी एक साइट है। उसमें 11 लाख रुपये में प्लॉट मिल सकता है। उसकी बातों पर भरोसा करके उन्होंने सात लाख रुपये एडवांस दे दिए। तय हुआ कि शेष रकम वह बैनामे के समय दे देंगे। बैनामे का समय तय हो गया लेकिन, डीलर ने बैनामा नहीं किया। आरोपी ने पहले उनको टरकाया फिर कहा कि वह न तो बैनामा करेगा और न ही रुपये लौटाएगा, जो चाहो कर लो। मामले में उन्होंने प्रवीण शर्मा समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# गाजियाबाद में बनाया भगवान परशुराम द्वार एवं महर्षि कश्यप द्वार






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोहिया नगर हिंदी में भवन विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि गाजियाबाद में भगवान परशुराम द्वार एवं महर्षि कश्यप द्वार का निर्माण कराया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का आभार व्यक्त करते हैं।

इस अवसर पर नरेंद्र कश्यप ने कहा कि परशुराम जी ऋषि जमदग्नि के पुत्र थे और इन्हें भगवान विष्णु का आवशावतार माना जाता है। माता-पिता के द्वारा इन्हें राम नाम दिया गया था, परंतु भगवान शिव द्वारा इन्हें परशु नाम का अस्त्र मिला था और इसी कारण इनका नाम परशुराम प्रचलित हुआ। संसार में जहाँ भी अन्याय और अत्याचार चरम पर पहुँचता है वहां परशुराम प्रकट हो कर अपना रौद्र रूप दिखाते हैं।

इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष कपिल वस्त विपिन कौशिक, कार्यकारी अध्यक्ष पंडित महेश कुमार शर्मा, शैलेंद्र शर्मा शालू महासचिव, डॉ सतीश भारद्वाज राष्ट्रीय प्रवक्ता, आचार्य योगेश दत्त गॉड सचिव, लोकेश कौशिक कोषाध्यक्ष, मनीष शर्मा महासचिव, रघुनंदन भारद्वाज महासचिव, सुभाष शर्मा महासचिव, ऋषि पाल शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बृजपाल शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देवाशीष ओझा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अलोकचंद शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आरसी शर्मा उपाध्यक्ष, कपिल पंडित उपाध्यक्ष, विजय कौशिक राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, विनीत कुमार शर्मा उपाध्यक्ष, देवेंद्र शर्मा संगठन मंत्री, शिवकुमार शर्मा, सचिन भारतीय, राहुल शर्मा राष्ट्रीय संयोजक, सागर शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अंकित शर्मा जिला अध्यक्ष, सीमा भार्गव राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला शक्ति प्रकोष्ठ, अल्पना सागर शर्मा राष्ट्रीय प्रवक्ता महिला शक्ति प्रकोष्ठ, अशोक भारतीय राष्ट्रीय संयोजक, प्रीति चंद्र राय आदि मौजूद थे।

# निरंकारी सतगुरु का दिव्य आगमन 16 अक्टूबर को गाजियाबाद में



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सतगुरु माता सुदीक्षा एवं निरंकारी राजपिता के पावन सान्निध्य में सीपीडब्लूडी ग्राउंड एनडीआरएफ रोड, हरसाव पुलिस लाइन के सामने के विशाल मैदान में बुधवार 16, अक्टूबर को सन्त समागम का आयोजन होने जा रहा है। समागम में दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ, बागपत, हापुड़, दादरी एवं आसपास के सभी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण सम्मिलित होकर इस दिव्य संत समागम का भरपूर आनंद प्राप्त कर सतगुरु के आशीष से लाभान्वित होंगे।

### सन्त समागमों की महत्ता को धर्म, ग्रंथों में भी विशेष रूप में वर्णित किया गया है।

निरंकारी सेवादल के सदस्यों एवं भक्तों द्वारा समागम परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों की साफ सफाई की जा चुकी है और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि आने वाले सभी श्रद्धालु जन सतगुरु के पावन सानिध्य में बैठकर इस सत्य संदेश को श्रवण कर अपने अंतर्मन में सुकून की अनुभूति कर सके। सन्त समागमों की महत्ता को धर्म, ग्रंथों में भी विशेष रूप में वर्णित किया गया है। गाजियाबाद संयोजक सतीश गांधी ने सभी नगरवासियों को सादर आमंत्रित करते हुए कहा कि आप सभी इस विशाल संत समागम में सम्मिलित होकर सतगुरु माता एवं निरंकारी राजपिता के दिव्य दर्शनों और उनके अमोलक प्रवचनों से प्रेरणा प्राप्त करके अपने जीवन को सार्थक बनाये।

# नोएडा प्राधिकरण पर हल्ला बोल : पुलिस ने किसानों को रोका, बोले-मांगे पूरी नहीं होने तक धरना रहेगा जारी

**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में भारतीय किसान यूनियन मंच के बैनर तले सैकड़ों किसान सोमवार दोपहर करीब एक बजे हरौला बारात घर पहुंचे। यहां से पैदल मार्च निकाला गया। जिसके बाद पुलिस ने प्राधिकरण के गेट पर बैरिकेड लगाकर किसानों को रोक लिया। जिसके बाद गुस्साए किसान सड़क पर बैठ गए और प्राधिकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों का कहना है कि मांगे पूरी होने तक धरना जारी रहेगा। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया जा रहा है।

इससे पहले 10 अक्टूबर को किसानों ने प्राधिकरण पर प्रदर्शन किया था। यहां लगी बैरिकेड को तोड़ दिया था। इसके बाद पंचायत कर अधिकारियों को तीन दिन का अल्टीमेटम देकर चले गए थे।भारतीय किसान संघ मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने बताया कि सोमवार को धरने के दौरान प्राधिकरण पर कोई भी बड़ा काम होगा। जिसके बाद प्राधिकरण की नींव हिल जाएगी। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण किसानों की नहीं सुन रहा है। लेकिन अब सुनेगा।



### यह है किसानों की मांगे

किसानों ने कहा कि जिन किसानों को मूल 5 प्रतिशत के प्लॉट नहीं मिले हैं। उन सभी किसानों को 5 प्रतिशत के मूल प्लॉट दिए जाएं। जिन किसानों के न्यायालय से आदेश आ चुके हैं उन सभी किसानों को अतिरिक्त 5 प्रतिशत के भूखंड या धनराशि दी जाए। सभी 81 गांवों का विकास सेक्टर की तर्ज पर किया जाए। सभी किसानों को साल 1997 से 64.7 प्रतिशत मुआवजा ओर 10 प्रतिशत के विकसित भूखंड सभी किसानों को दिया जाए। नोएडा के सभी 81 गांव के किसानों की आबादी को 450 मीटर से एक हजार मीटर करते हुए आबादी का संपूर्ण समाधान करें। 1976 से 1997 तक के सभी किसानों को कोटा स्कीम के प्लॉट आवंटित करें, नोएडा प्राधिकरण के गांवों में स्वामित्व योजना लागू की जाये, गांव में नक्शा नीति समाप्त की जाए गांव में यह व्यावहारिक नहीं है।

# श्रीमद्भागवत का दूसरा दिन, प्रभु से बढ़कर कोई और सुख और सम्पदा नहीं: आचार्य पवन नन्दन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शिप्रा सनसिटी में भारतीय धरोहर संस्था द्वारा आयोजित भागवत कथा के दूसरे दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस दौरान कथा व्यास आचार्य पवन नंदन ने कहा- मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं, लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। कथाव्यास ज ने बताया की राजा पारीक्षित कलयुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं और उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते है। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है, साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। हमारे पूर्वजों ने सदैव पृथ्वी का पूजन व रक्षण किया है, इसके बदले प्रकृति ने मानव का रक्षण किया है। आचार्य पवन नंदन ने बताया कि प्रभु से बढ़कर कोई और सुख और सम्पदा नहीं

तभी भागवत का श्रवण करना फलीभूत होता है। वरना भागवत कथा श्रवण करने के दौरान श्रोता का मन बाहर सांसारिक संबंधों में लगा हुआ है तो कथा श्रवण करने का कोई महत्व नहीं रह जाता।

इस अवसर पर चंद्र प्रकाश बालियान, विजय शंकर तिवारी, कपिल त्यागी, राम वरुण , सुचित सिंघल, कमलकांत शर्मा, पार्षद संजय सिंह, पार्षद धीरज अग्रवाल, अजय शुक्ला, मनोज डागा, प्रवीण वाधवा, अनिल मेहंदी रत्ता, उमा शंकर तोमर, विश्वनाथ त्रिपाठी, अश्वनी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ट्रंप ने देश के अंदर मौजूद दुश्मनों को बताया खतरनाक

## दस हजार सीमा गश्ती एजेंट नियुक्त करने का भी वादा

**वॉशिगटन ।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव के दिन यानी पांच नवंबर को आंतरिक दुश्मन से निपटने के लिए सेना की मदद लेने की सलाह दी है। बता दें, हाल ही में कैलिफोर्निया में ट्रंप की रैली के बाहर बंदूक और फर्जी पास के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों को संदेह है कि यह रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की तीसरी बार हत्या करने की कोशिश हो सकती है।

वहीं, ट्रंप ने रविवार को वादा किया कि यदि वह दोबारा राष्ट्रपति चुने गए तो 10,000 अतिरिक्त सीमा गश्ती एजेंट नियुक्त करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने आव्रजन के मुद्दे पर कमला हैरिस पर हमला बोला।



### हमारे पास कुछ बीमार लोगः पूर्व राष्ट्रपति

ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह अपने समर्थकों या विदेशी तत्वों की ओर से हो रही अराजकता को लेकर चिंतित नहीं हैं, लेकिन वह 'कट्टरपंथी वाम पागलों' को लेकर परेशान हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि बड़ी समस्या अंदर के लोग हैं। हमारे पास कुछ बहुत बुरे लोग हैं। हमारे पास कुछ बीमार लोग हैं। कट्टरपंथी वाम पागलों, मुझे लगता है कि अगर आवश्यक हो तो नेशनल गार्ड द्वारा या अगर वास्तव में आवश्यक हो तो सेना द्वारा इसे बहुत आसानी से संभाला जाना चाहिए, क्योंकि वे ऐसा नहीं होने दे सकते।'

**'बाहरी देशों से अधिक अंदर के दुश्मन खतरनाक' :** उन्होंने आगे कहा, 'हमारे दो दुश्मन हैं। एक बाहरी दुश्मन और दूसरा आतंरिक दुश्मन। मेरी राय में अंदर मौजूद दुश्मन चीन, रूस और इन सभी देशों से ज्यादा खतरनाक हैं।'

### राजनीतिक विरोधियों पर मढ़ा आरोप

चुनाव के दिन अमेरिका में आतंकवादी हमले की कथित साजिश रचने के लिए न्याय विभाग द्वारा एक अफगान नागरिक को गिरफ्तार करने के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने इसका दोष अपने राजनीतिक विरोधियों पर मढ़ा।

उन्होंने बार-बार हमला किए जाने वाले प्रवासियों के संदर्भ में कहा, 'मुझे लगता है कि बड़ी समस्या अंदर के दुश्मन हैं, यहां तक कि वे लोग भी नहीं जो हमारे देश में आए और हमारे देश को बर्बाद कर रहे हैं। वैसे वो लोग हमारे देश, कस्बों, गांवों को पूरी तरह से नष्ट कर रहे हैं।'

**सीमा गश्ती एजेंट पर यह बोले ट्रंप :** इसके अलावा, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वादा किया कि अगर फिर से राष्ट्रपति बने तो 10,000 अतिरिक्त सीमा गश्ती एजेंट नियुक्त करेंगे।

रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ने एरिजोना में एक रैली में कहा कि वह अमेरिकी संसद से सीमा गश्ती एजेंटों के लिए 10 प्रतिशत वेतन वृद्धि और 10,000 डॉलर के प्रतिधारण और बोनस के लिए धन मुहैया कराने के लिए कहकर इस लक्ष्य को हासिल करेंगे

ट्रंप का समर्थन करने वाले बॉर्डर पेट्रोल यूनियन के नेताओं के साथ मंच पर उपस्थित पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, 'इससे यह सुनिश्चित होगा कि हम अपनी जरूरत के अनुसार बॉर्डर पेट्रोल एजेंटों को नियुक्त कर सकेंगे और रख सकेंगे।'

# कोका-कोला की सचिव तीन साथियों के साथ गिरफ्तार

## पेप्सी को करोड़ों में बेचने वाली थी गुप्त जानकारी

**नई दिल्ली ।** कोका-कोला के वैश्विक मुख्यालय में सचिव को पेप्सी को एक नए उत्पाद के बेहद गोपनीय व्यापार जानकारी बेचने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जानकारी के मुताबिक जोया विलियम्स ने अपने साथियों इब्राहिम डिमसन और एडमंड दुहनी के साथ मिलकर कोका-कोला की चोरी की गई जानकारी को 1.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर (12.6 करोड़ रुपये) की भारी कीमत पर बेचने की साजिश रची। हालांकि, ये साजिश तब नाकाम हो गई जब पेप्सी ने मौके का फायदा उठाने के बजाय कोका-कोला और एफबीआई को इस अवैध डील की सूचना दे दी।

**एफबीआई ने ऐसे किया डील का भंडाफोड़ :** बता दें कि कोका-कोला के वैश्विक ब्रांड निदेशक के सहायक के रूप में काम करने वाली जोया विलियम्स को एक नए गुप्त उत्पाद वाली शीशी चुराने और बेचने का प्रयास करते हुए पकड़ा गया था। एफबीआई ने एक गुप्त ऑपरेशन में



अपराधियों को पकड़ने के लिए पेप्सी के अधिकारियों के रूप में काम किया। इस सबके दौरान जोया विलियम्स के सहयोगी इब्राहिम डिमसन ने कोका-कोला के गोपनीय दस्तावेज और शीशी को $30,000 के बदले में सौंप दिया, जिसे एक पीले रंग की गर्ल स्काउट कुकी बॉक्स के अंदर छिपाया गया था। ये अंडरकवर ऑपरेशन जोया विलियम्स और उसके साथियों की गिरफ्तारी के साथ हुआ, जो उनके अवैध सौदे के पूरा होने से पहले ही गिरफ्तार कर लिए गए।

### पेप्सी के फैसले की जमकर की गई प्रशंसा

वहीं इस मामले के खुलासे के बाद सरकारी वकील डेविड नहमियास ने पेप्सी के फैसले की प्रशंसा की। एक समाचार पत्र के अनुसार, उन्होंने कहा, उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि व्यापार की गुप्त जानकारी व्यापार करने वाले समुदाय में सभी के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्हें एहसास है कि अगर उनके गुप्त व्यापार जानकारियों का उल्लंघन किया जाता है, तो वे सभी पीड़ित होते हैं, बाजार पीड़ित होता है और पूरा व्यवसाय इससे प्रभावित होता है।

जोया विलियम्स और उनके साथियों पर अवैध रूप से व्यापार रहस्य चुराने और बेचने का आरोप है। जोया विलियम्स पर अवैध रूप से व्यापार रहस्य चुराने और बेचने का आरोप लगाया गया था। उन पर एक झूठे नाम से पेप्सी को एक पत्र लिखने का आरोप है।

# हमास को खत्म करने के लिए नेतन्याहू ने बनाया खतरनाक प्लान, उत्तरी गाजा में भूख से मारने की बनाई योजना

**नई दिल्ली ।** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उत्तरी गाजा के जबालिया में इस्राइल के सैन्य अभियान तेज हो रहे हैं, इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) नागरिकों से इलाके को खाली करने और दक्षिण की ओर जाने की अपील कर रहा है। नई रिपोर्टों से पता चलता है कि यह क्षेत्र में मानवीय सहायता को बंद करने की विवादास्पद योजना का पहला चरण हो सकता है, एक रणनीति जिसका उद्देश्य हमास के उग्रवादियों को भूखा मारना है, लेकिन इस योजना से सैकड़ों हजारों फलस्तीनी के सामने भोजन या पानी के बिना फंसने का संकट पैदा हो सकता है।



### इस तरह से हमास को खत्म करेगा इस्राइल

पीएम नेतन्याहू और इस्राइली संसद के समक्ष सेवानिवृत्त जनरलों के एक समूह की तरफ से प्रस्तावित और समाचार एजेंसी द एसोसिएटेड प्रेस की तरफ से एक्सेस की गई योजना, गाजा पट्टी के उत्तरी तीसरे हिस्से में फलस्तीनियों को, जिसमें गाजा शहर भी शामिल है, क्षेत्र को बंद सैन्य क्षेत्र घोषित करने से पहले खाली करने के लिए एक हफ्ते का समय देगी। इसके बाद जो बचे रहेंगे उन्हें लड़ाके माना जाएगा, सैन्य नियमों के अधीन जो सैनिकों को उन्हें मारने की अनुमति देते हैं, और उन्हें भोजन, पानी, दवा और ईंधन जैसी आवश्यक आपूर्ति से वंचित कर दिया जाएगा।

**क्या है इस्राइली जनरलों की योजना:** 'जनरलों की योजना' कहलाने वाली इस रणनीति को हमास नेतृत्व को खत्म करने और नागरिक आबादी के लिए असहनीय परिस्थितियां पैदा करके उत्तरी गाजा पर सशस्त्र समूह की पकड़ को तोड़ने के लिए बनाया गया है। इस योजना के मुख्य वास्तुकार, जियोरा एइलैंड, जो राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के पूर्व प्रमुख हैं, का मानना है कि यह साल भर से चल रहे युद्ध को समाप्त करने और हमास पर बाकी इस्राइली बंधकों को रिहा करने का दबाव बनाने का एकमात्र तरीका है।ऐसे योजना को लागू करेगा इस्राइल जियोरा एइलैंड के मुताबिक- हमने पिछले नौ या 10 महीनों में गाजा के उत्तरी हिस्से को घेर लिया है, इसलिए हमें जो करना चाहिए वो यह है ।

# सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी जापान यात्रा पर रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर रहेगा जोर

## सेना प्रमुख 14 से 17 अक्तूबर तक जापान की यात्रा पर रहेंगे

**टोक्यो ।** थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी जापान और भारत के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने के मकसद से पूर्वी एशियाई देश की चार दिवसीय यात्रा पर हैं।

सेना प्रमुख 14 से 17 अक्तूबर तक जापान की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वे हिरोशिमा भी जाएंगे, जहां वे हिरोशिमा शांति पार्क में श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वह शांति पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

रक्षा मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा कि यह यात्रा ह्यह्यभारत और जापान के बीच रक्षा सहयोग की मजबूत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जनरल द्विवेदी सोमवार को जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज से बातचीत करेंगे और इसके बाद टोक्यो में भारतीय दूतावास में दोनों देशों के बीच संबंधों पर एक चर्चा में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वह मंगलवार को



इचिगाया में रक्षा मंत्रालय में जापान के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व से भी बातचीत करेंगे।

रक्षा मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि इस यात्रा के दौरान वह जॉइंट सेल्फ डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल योशिदा योशिहिदे, जापान ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स (जेजीएसडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोरिशिता यसुनोरी; एक्यूजिशन, टेक्नोलॉजी और लॉजिस्टिक एजेंसी (एएलटीए) के कमिश्नर इशिकावा ताकेशी के साथ बैठकें करेंगे।

इन बैठकों का मकसद भारत और जापान के बीच मजबूत सैन्य सहयोग को और प्रगाढ़ बनाना है। जनरल द्विवेदी इचिगाया में रक्षा मंत्रालय में एक स्मारक पर श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे और जेजीएसडीएफ द्वारा उन्हें सलामी दी जाएगी।

वह बुधवार को जेजीएसडीएफ के चीफ ऑफ स्टाफ के साथ फूजी स्कूल का दौरा करेंगे जहां वह फूजी स्कूल के कमांडिंग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल कोडामा यासुयुकी के साथ बातचीत करेंगे। अपनी यात्रा के अंतिम चरण में वह 17 अक्तूबर को हिरोशिमा जाएंगे। बयान में कहा गया है ।

कि जनरल द्विवेदी की यात्रा का उद्देश्य भारत और जापान के बीच सहयोग की नई संभावनाओं को तलाशने के अलावा दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग को मजबूत करना है।

# अब मजबूत होगा इस्राइल का एयर डिफेंस, ईरान के हमले के बाद अमेरिका तैनात करेगा 'थाड' मिसाइल रक्षा सिस्टम

**नई दिल्ली ।** पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति के निर्देश पर, सचिव लॉयड ऑस्टिन ने 13 अप्रैल और फिर 1 अक्टूबर को ईरान की तरफ से इस्राइल के खिलाफ किए गए बड़े हमले के बाद इस्राइल की वायु रक्षा को मजबूत करने में मदद करने के लिए इस्राइल में एक 'थाड' बैटरी और अमेरिकी सैन्य कर्मियों के संबद्ध दल की तैनाती को अधिकृत किया।



### 'इस्राइल की वायु रक्षा प्रणाली और सुदृढ़ होगी'

पेंटागन के प्रेस सचिव ने बताया कि 'थाड' बैटरी से इस्राइल की वायु रक्षा प्रणाली और सुदृढ़ होगी।

यह फैसला इस्राइल की रक्षा के लिए और इस्राइल में अमेरिकियों को ईरान की तरफ से किए जाने वाले बैलिस्टिक मिसाइल हमलों से बचाने के लिए संयुक्त राज्य की दृढ़ प्रतिबद्धता बनाए रखती है। यह इस्राइल की रक्षा का समर्थन करने और ईरान और ईरानी-गठबंधन मिलिशिया के हमलों से अमेरिकियों की रक्षा करने के लिए हाल के महीनों में अमेरिकी सेना की तरफ से किए गए व्यापक समायोजन का हिस्सा है। '7 अक्टूबर के हमलों के बाद भी अमेरिका ने की थी तैनाती' : उन्होंने आगे कहा कि यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका ने इस क्षेत्र में एक 'थाड' बैटरी तैनात की है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले साल 7 अक्टूबर के हमलों के बाद क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों और हितों की रक्षा के लिए सेना को एक 'थाड' बैटरी तैनात करने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने पहले 2019 में प्रशिक्षण और एकीकृत वायु रक्षा अभ्यास के लिए इस्राइल में एक थाड बैटरी की तैनात की थी।

**दक्षिणी लेबनान में इस्राइली सैनिकों पर दागे गए मिसाइल :** इससे पहले, इस्राइली रक्ष बलों की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, रविवार को दक्षिणी लेबनान में इस्राइली सैनिकों की ओर एंटी-टैंक मिसाइलों की एक बड़ी बौछार

क ी

**7 अक्टूबर के हमलों के बाद भी अमेरिका ने की थी तैनाती**

गई

थी। आईडीएफ ने कहा कि हमले के दौरान, दो सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए और कई अन्य सैनिकों को भी चोटें लगी हैं। एक्स पर एक पोस्ट में, आईडीएफ ने कहा, आज (रविवार) को, दक्षिणी लेबनान में आईडीएफ सैनिकों की ओर एंटी-टैंक मिसाइलों की एक बड़ी बौछार की गई थी। घायल हुए सैनिकों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है।

**संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिक बन रहे इस्राइल की मुसीबत :** इस मामले में एक शुरूआती जांच से पता चला कि एक आईडीएफ टैंक जो अभी भी गोलीबारी के दौरान घायल सैनिकों को निकालने की कोशिश कर रहा था, यूएनआईएफआईएल चौकी में कई मीटर पीछे चला गया।

इससे पहले दिन में, इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से दक्षिणी लेबनान से संयुक्त राष्ट्र शांति सेना को वापस बुलाने का आग्रह किया, जिसमें यूएनआईएफआईएल सैनिकों और इस्राइली सैनिकों दोनों के लिए खतरा बताया गया।

# जेलेंस्की ने उत्तर कोरिया पर लगाया रूस में सेना भेजने का आरोप, दुनिया से की इस युद्ध को रोकने की अपील

**कीव ।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने उत्तर कोरिया पर रूस सेना में अपनी सेना भेजना का आरोप लगाया। इसी के साथ उन्होंने एक बार फिर एक बड़े युद्ध को रोकने के लिए अधिक समर्थन की अपील की। उन्होंने रूस के खिलाफ युद्ध में अधिक सैन्य और वित्तीय मदद के लिए कई यूरोपीय देशों का दौरा करने के कुछ दिन बाद यह टिप्पणी की। जेलेंस्की ने अपने साझेदारों के साथ संबंधों को अधिक मजबूत करने पर जोर दिया।



यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा, ₹हम रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ते गठबंधनों को देख रहे हैं। यह केवल हथियार स्थानांतरित करने को लेकर नहीं है बल्कि उत्तर कोरिया के लोगों को सैन्य बलों में ट्रांसफर करने के बारे में है। इस परिस्थिति में हमारे साझेदारों के साथ हमारा संबंध मजबूत होना चाहिए।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹जब हम यूक्रेन के लिए लंबी दूरी की क्षमता और सेना के लिए निर्णायक आपूर्ति के बारे में बात करते हैं तो इसमें केवल सैन्य उपकरों की सूची शामिल नहीं होती है। यह हमलावर पर दवाब बढ़ाने को लेकर और बड़े युद्ध को रोकने के बारे में है।

बता दें कि जेलेंस्की ने पिछले हफ्ते बर्लिन, लंदन, पेरिस और रोम का दौरा पूरा किया, जिससे कि इन देशों से सैन्य सहायता की मांग की जा सके। दरअसल, रूस-यूक्रेन युद्ध लगातार तीसरे वर्ष भी जारी है। दरअसल, फ्लोरिडा में आ रहे तूफान से निपटने की तैयारी की निगरानी के कार अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जर्मनी की यात्रा स्थगित कर दी थी, जिसके बाद जेलेंस्की ने अंतिम समय में इन देशों के दौरे का आयोजन किया। जर्मनी सरकार के सूत्रों के अनुसार, बाइडन इस सप्ताह शुक्रवार को जर्मनी का एक दिवसीय दौरा कर सकते हैं।

रविवार को रूस ने बताया कि उन्होंने एक अन्य पूरी यूक्रेनी गांव पर कब्जा कर लिया है। अब रूसी सेना डोनेस्क क्षेत्र के पश्चिम की तरफ बढ़ रहे हैं। यूक्रेन की राजधानी कीव से बताया गया कि मौजूदा हाताल बहुत कठिन है।

# कमला हैरिस बनेंगी अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति राजनीतिज्ञ एलन लिक्टमैन ने की भविष्यवाणी

**वॉशिगटन ।** अमेरिकी विश्वविद्यालय के एक प्रतिष्ठित प्रोफेसर एलन लिक्टमैन ने 'व्हाइट हाउस की कुंजी' के रूप में जानी जाने वाली एक भविष्यवाणी प्रणाली विकसित की है, जिसने 1984 से सभी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के नतीजों को सही बताया है। जानकारी के मुताबिक एलन लिक्टमैन ने 1981 में रूसी भूभौतिकीविद् व्लादिमीर केइलिस-बोरोक की मदद से इस प्रणाली को विकसित किया और भूकंप की भविष्यवाणी के लिए केइलिस-बोरोक की तरफ से डिजाइन की गई भविष्यवाणी विधियों को अपनाया। जानकारी के मुताबिक इस प्रणाली में कुल 13 कुंजियां हैं।



### कैसे काम करती है व्हाइट हाउस की कुंजी?

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को लेकर राजनीतिक वैज्ञानिक का कहना है कि अगर 13 में से 6 कुंजियां मौजूदा व्हाइट हाउस पार्टी के खिलाफ हैं, तो उसके हारने की भविष्यवाणी की जाती है, और इससे कम होने पर, उसके जीतने की भविष्यवाणी की जाती है। एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में, लिक्टमैन ने कहा कि केवल चार कुंजी हैं जो मौजूदा डेमोक्रेट के खिलाफ काम करती हैं, जिसका अर्थ है कि डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में वापस नहीं आएंगे।

इतिहासकार ने कहा, व्हाइट हाउस पार्टी (डेमोक्रेट) कुंजी 1, जनादेश कुंजी खो देती है, क्योंकि वे 2022 में यूएस हाउस की सीटें खो देते हैं। वे कुंजी नंबर 3, सत्ता की कुंजी खो देते हैं, क्योंकि मौजूदा राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वे कुंजी नंबर 12, मौजूदा करिश्मा कुंजी खो देते हैं, क्योंकि आप हैरिस के बारे में जो भी सोच सकते हैं, वह केवल थोड़े समय के लिए उम्मीदवार रही हैं।

वह फ्रैंकलिन रूजवेल्ट की स्थिति तक नहीं पहुंची हैं। और वह कुंजी नंबर 11, विदेश नीति विफलता कुंजी खो देती है, क्योंकि मध्य पूर्व एक आपदा है, एक मानवीय संकट जिसका कोई अच्छा अंत नहीं दिखता है।

# एससीओ बैठक से पहले सुरक्षा व्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती

## जयशंकर समेत कई विदेशी प्रतिनिधि करेंगे शिरकत

**नईदिल्ली ।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में मंगलवार से शुरू होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए सोमवार को सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। देश भर में बढ़ते आतंकी हमलों और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी की तरफ से लगातार किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच आयोजित होने वाले इस बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विदेशी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंचने लगे हैं।

**कल पाकिस्तान रवाना होंगे एस. जयशंकर**

बता दें कि इस बैठक में शामिल होने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर कल पाकिस्तान रवाना होंगे। वहीं चीन और रूस के प्रधानमंत्री समेत अन्य देश शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों की दो



दिवसीय 23वीं परिषद (सीएचजी) की बैठक में भाग ले रहे हैं। इस बैठक में अर्थव्यवस्था, व्यापार और पर्यावरण के क्षेत्र में चल रहे सहयोग पर चर्चा की जाएगी।

### शहबाज शरीफ करेंगे सीएचजी अध्यक्षता

जानकारी के मुताबिक सीएचजी बैठक में अर्थव्यवस्था, व्यापार, पर्यावरण, सामाजिक-सांस्कृतिक संबंधों के क्षेत्र में चल रहे सहयोग पर चर्चा की जाएगी और संगठन के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी। नेता एससीओ सदस्य देशों के बीच सहयोग को और बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णय लेंगे और संगठन के बजट को मंजूरी देंगे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सीएचजी के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में, आगामी सीएचजी बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

**इन देशों के प्रतिनिधि बैठक में होंगे शामिल :** पाकिस्तानी विदेश कार्यालय के अनुसार, एससीओ सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के अलावा चीन, रूस, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के प्रधानमंत्रियों के साथ-साथ ईरान के प्रथम उपराष्ट्रपति भी करेंगे। जबकि मंगोलिया के प्रधानमंत्री (पर्यवेक्षक राज्य) और तुर्कमेनिस्तान के विदेश मंत्रियों के मंत्रिमंडल के उपाध्यक्ष (विशेष अतिथि) भी बैठक में भाग लेंगे।

76 सदस्यीय रूसी प्रतिनिधिमंडल, चीन से 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, भारत से चार सदस्यीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल, किर्गिस्तान से चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और ईरान से दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पहले ही इस्लामाबाद पहुंच चुका है।

वहीं इस बैठक को देखते हुए पाकिस्तानी अधिकारियों ने सभी प्रकार की राजनीतिक सभाओं और विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगा दिया है, हालांकि, इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की तरफ से विरोध प्रदर्शन की धमकी के कारण तनाव जारी है।

बता दें कि पीटीआई ने घोषणा की है कि अगर पार्टी नेताओं और अन्य लोगों को इमरान खान से मिलने की अनुमति नहीं दी गई तो वे डी-चौक पर प्रदर्शन करेंगे।

इस मामले में अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटने की चेतावनी दी, लेकिन पर्दे के पीछे पार्टी को अपना विरोध प्रदर्शन वापस लेने के लिए मनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# हॉट मिक्स प्लांट से हो रहा है शहर की सड़कों का सुधार निगम ने बढ़ाई गड्ढा मुक्त अभियान की रफ्तार

## निगम की एक भी सड़क पैचवर्क से ना छूटे अधिकारी रखें ध्यानः नगर आयुक्त

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले मुख्य मार्ग तथा आंतरिक मार्गों को सुव्यवस्थित करने के लिए निरंतर कार्यवाही चल रही है। नगर निगम का निर्माण विभाग स्थलीय निरीक्षण करते हुए गड्ढा मुक्त अभियान चला रहा है जिसमें औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों पर भी पेचवर्क का कार्य चल रहा है। 30 अक्टूबर 2024 तक गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करते हुए सुवास्थित करने के लिए कार्य सभी जोन में किया जा रहा है। लगभग 60% कार्य पूर्ण हो चुका है बचे हुए कार्य को भी तेजी से करने के लिए अधिकारियों द्वारा निरंतर स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्य कराया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा निर्माण विभाग अधिकारियों को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं तथा दीपावली से पूर्व निगम की हर सड़क को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए कहा गया है। मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी के नेतृत्व में हॉट मिक्स प्लांट के माध्यम से सभी सड़कों पर पैच का कार्य किया जा रहा है।







मुख्य अभियंता निर्माण द्वारा बताया गया महापौर तथा नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार प्रमुख मार्गों के साथ-साथ वार्डों की आंतरिक गलियों में भी निरीक्षण करते हुए योजना बनाते हुए पैच वर्क का कार्य चल रहा है। दशहरा से पूर्व समस्त रामलीला ग्राउंड के आसपास मंदिरों के आसपास की सड़कों को दुरुस्त किया जा चुका है। औद्योगिक क्षेत्र में भी सड़कों को गड्ढा मुक्त अभियान के रूप में किया जा रहा है।

वसुंधरा जोन के अंतर्गत सौर ऊर्जा मार्ग, वसुंधरा सेक्टर 1 वसुंधरा सेक्टर 3 शॉप्रिक्स मॉल, सेक्टर 11 मदर डेयरी वैशाली ब्रिज विहार मुख्य मार्ग को गड्ढा मुक्त किया जा चुका है। मोहन नगर जोन के अंतर्गत राजेंद्र नगर इंडस्ट्रियल एरिया मुख्य मार्ग शालीमार गार्डन एक्सटेंशन श्याम पार्क एक्सटेंशन को गड्ढा मुक्त किया जा चुका है। सिटी जोन के अंतर्गत बजरिया रोड कीर्तन वाली गली मेरठ रोड तिराहा दिल्ली गेट डसना गेट घंटाघर के आसपास रोड को गड्ढा मुक्त किया जा चुका है। विजयनगर अंतर्गत सेक्टर 11 प्रताप विहार की सड़कों को गड्ढा मुक्त किया गया है। कवि नगर क्षेत्र में राजनगर तथा विवेकानंद नगर की सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जा चुका है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा त्योहारों से पूर्व समस्त सड़कों के गड्ढा मुक्त करने का कार्य किया जा रहा है।

# समरकूल क्वाईल हीटर को मिला देश का पहला बीआईएस लाइसेंस सर्टिफिकेट




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सोमवार को वर्ल्ड स्टैंडर्ड डे के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो की गाजियाबाद शाखा की ओर से साहिबाबाद में मानक महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड के इलेक्ट्रिक क्वाईल हीटर को देश का पहला बीआईएस स्टैंडर्ड लाइसेंस सर्टिफिकेट कंपनी के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता को दिया गया। इस अवसर पर संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि हम भारतीय मानक ब्यूरो से पिछले अनेकों वर्षों से जुड़े हुए हैं तथा भारतीय मानक ब्यूरो के दिशा निर्देशन और सुझावों को अपनाते हुए समरकूल ने अपने उत्पादों की क्वालिटी निरंतर बेहतर की है।



तथा समरकूल के इलेक्ट्रिक क्वाईल हीटर को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा देश में पहला बीआईएस सर्टिफिकेट प्रदान करने के लिए संजीव कुमार गुप्ता ने समस्त टीम का धन्यवाद दिया।

# विप्रो जीई हेल्थकेयर और यशोदा अस्पताल का ज्वाइंट वेंचर, कई शहरों में भी मिलेंगी उन्नत जांच सेवाएं







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** विप्रो जीई हेल्थकेयर के साथ मिलकर यशोदा हॉस्पिटल, कौशांबी ने मिलकर हेल्थ यात्रा की शुरूआत की घोषणा की। सोमवार को आधुनिक जांच सुविधाओं से लैस बस को डा. पीएन अरोड़ा और उपासना अरोड़ा के साथ विप्रो के अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह स्वास्थ्य बस अगले 30 दिनों तक उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों की यात्रा करेगी। इस दौरान संवाद सत्र उत्पाद प्रदर्शनी और स्वास्थ्य चुनौतियों पर चिकित्सकों और विशेषज्ञों के बीच चचाएं आयोजित की जाएंगी। प्रबंध निदेशक डॉ. उपासना अरोड़ा ने कहा, ्रहमारा अस्पताल हमेशा से ही समुदाय को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। ्रहेल्थ यात्रा विप्रो जीई हेल्थकेयर की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो पिछड़े क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देगी, और हमें इस प्रयास का हिस्सा बनने पर गर्व है।

### आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध

**करंट क्राइम।** विप्रो जीई हेल्थकेयर में अल्ट्रासाउंड के बिजनेस हेड अनूप कुमार ने कहा, ्रहम आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं। हमारी 'हेल्थ यात्रा' का उद्देश्य पिछड़े बाजारों में स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण में क्रांति लाना है और हमें 'सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा' के अपने मिशन के करीब लाना है ्र विप्रो जीई हेल्थकेयर में साउथ एशिया (पीसीएस) के बिजनेस हेड अतुल चड्ढा ने कहा, ्रभारत में गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवाओं तक असमान पहुंच एक बड़ी चुनौती है। यह पहल चिकित्सकों को उन्नत नैदानिक प्रौद्योगिकियों से सशक्त बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को लोकतांत्रिक बना रही है।

### आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध

**करंट क्राइम।** विप्रो जीई हेल्थकेयर में अल्ट्रासाउंड के बिजनेस हेड अनूप कुमार ने कहा, ्रहम आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं। हमारी 'हेल्थ यात्रा' का उद्देश्य पिछड़े बाजारों में स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण में क्रांति लाना है और हमें 'सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा' के अपने मिशन के करीब लाना है ्र विप्रो जीई हेल्थकेयर में साउथ एशिया (पीसीएस) के बिजनेस हेड अतुल चड्ढा ने कहा, भारत में गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवाओं तक असमान पहुंच एक बड़ी चुनौती है। यह पहल चिकित्सकों को उन्नत नैदानिक प्रौद्योगिकियों से सशक्त बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को लोकतांत्रिक बना रही है।

# 26 और 27 अक्टूबर को होगा अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा का 26वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन

## समापन अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा महानगर एवं जनपद गाजियाबाद के तत्वाधान में 26वां ब्राह्मण युवक-युवती परिचय मिलन 2024 का 26 और 27 अक्टूबर को अग्रसेन भवन लोहिया नगर में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर मुख्य संयोजक पंडित जेके गौड़ ने बताया है कि सम्मेलन के लिए अभी तक 350 से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं।

अग्रसेन भवन लोहिया नगर के सामने मुख्य कार्यालय है, जहां 20 अक्टूबर तक पंजीकरण का काम चलेगा। इस अवसर पर ब्राह्मण गौरव पत्रिका का भी विमोचन किया जाएगा। दो दिवसीय इस परिचय सम्मेलन में भारतभर के अलग-अलग राज्यों के विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा के साथ आमंत्रित किया गया है।

यह कार्यक्रम पूरी तरीके से अराजनीतिक रहेगा। इस दौरान देश ही नहीं विदेशों में भी नौकरी पाने वाले और अपनी सेवाएं देने वाले युवक और युवतियों को यहां अपने जीवनसाथी को चुनने का मौका मिलेगा। सोमवार को राजनगर में पत्रकारवार्ता आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख पदाधिकारी ने महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### 26 को होगा शुभारंभ और 27 अक्टूबर को समापन

**करंट क्राइम ।** परिचय सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए पडिंत आदेश शर्मा ने बताया है कि 26 अक्टूबर दिन शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष गोपाल दास शर्मा दीप प्रज्वलित करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में संसद सदस्य सतपाल ब्रह्मचारी के साथ ही कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा पीतांबर शर्मा ,उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सतीश शर्मा और महानगर अध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा के अध्यक्षता में कार्यक्रम शुरू होगा। तो वहीं 27 अक्टूबर को इसका समापन होगा। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विधायक सुनील शर्मा विशिष्ट अतिथि रहेंगे। तो एमएलसी शिक्षक नेता श्रीचंद्र शर्मा और अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष पंडित जयनंद शर्मा की अध्यक्षता में समापन किया जाएगा। कार्यक्रम का स्थल अग्रसेन भवन लोहिया नगर पुराना बस स्टैंड के सामने रहेगा। पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्य रूप से रमाकांत शर्मा, पंडित विजय भारद्वाज, पंडित संदीप शर्मा, हरिओम शर्मा, आशुतोष शर्मा, हिमांशु भारद्वाज, धीरज भार्गव, सुभाष चंद्र, डीडी शर्मा, हरिओम शर्मा, अशोक शर्मा, विष्णु शर्मा, डॉ. संजीव शर्मा, आरके शर्मा, नरेंद्र शर्मा गुरु जी व अमित भारद्वाज मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बौद्ध सेवा संस्थान द्वारा सामूहिक विवाह समारोह आयोजित

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बौद्ध सेवा संस्थान के तत्वाधान में 11 अनुसूचित जाति की 11 कन्याओं के सामूहिक विवाह बौद्ध रीति से सिद्धार्थ इण्टर कालिज, नवयुग मार्किट, जटवाडा, गाजियाबाद में बडे धूमधाम से कराये गये। सभी दूल्हों को अलग-अलग 11 घोडियों पर बैठाकर बैंड बाजों के साथ शहर के मुख्य मार्गो में बरातों की चढ़त करायी गयी। सभी दूल्हों और बरातियों को सामाजिक रूप से स्वागत किया गया। सभी युगल जोडों को समाज के सभी लोगों ने घरेलू उपहार भेंट किये। संस्था की ओर से सभी जोडों को एक-एक बैड, एक साडी, बर्तन व घूरेल अन्य सामान आदि भेंट किये। सभी बरातियों को भोजन कराया गया तथा समाज के कई लोगों ने वर कन्याओं को आशीर्वाद दिया। संस्था के अध्यक्ष आर.पी. सिंह ने बताया कि संस्था वर्ष 2002 से अब 24वीं बार गरीब निर्धन कन्याओं के विवाह कराती आ रही है। इस अवसर पर मुख्य रुप से लक्ष्मण नारयण महासचिव, हरस्वरूप सिंह पूर्व पार्षद कोषाध्यक्ष, बाबूलाल गौतम सचिव, वेद प्रकाश गौतम उपाध्यक्ष, कृपाल सिंह उपाध्यक्ष, हरीश हितेषी उपाध्यक्ष, बिरजू भई संयुक्त सचिव, शेर सिंह मौर्य लेखा परीक्षक, पी० एन० गर्ग बसपा विधान सभा प्रभारी, एडवोकेट गंगा सरण बबलू, पंकज शर्मा, छोटे लाल गौतम, देवेंद्र देव प्रधानाचार्य, रामकिशन प्रधान, डॉक्टर चरण सिंह, बालकराम बौद्ध, विजेंद्र भारती, राजेंद्र कुमार,ललित दास,राहुल सिंह, जुगनू गौतम आदि उपस्थित रहे।





# डीएम इन्द्र विक्रम सिंह का निर्देश मैट्रो स्टेशनों के आस-पास स्वच्छता का रखा जाए ध्यान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनपद गाजियाबाद में मैट्रो स्टेशनों के सम्बंध में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरी समन्वयन बैठक आहुत हुई। बैठक के दौरान मैट्रो स्टेशनों के आसपास आने वाली समस्याओं के बारे में जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया। जिसमें मुख्यत चारों विभागों नगर निगम, पुलिस विभाग, पीडब्लूडी व समाज कल्याण विभाग से सम्बंधित समस्यायें थी। जिलाधिकारी महोदय को क्रमानुसार सभी समस्याओं से अवगत कराया गया। सम्बंधित विभागाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकांश शिकायतों का निस्तारण जा चुका हैं। मैट्रो स्टेशनों के बाहर वाहनों के खड़े होने से लगने वाले जाम को लेकर जिलाधिकारी द्वारा पुलिस विभाग को बेहतर यातायात प्लानिंग करते हुए कार्य कर, जाम हटाने के स्थायी समाधान हेतु निर्देशित किया गया। पीडब्लूडी अधिकारी ने अवगत कराया कि उनके द्वारा सभी समस्याओं का निराकरण करा दिया गया है और कुछ पर कार्य प्रगति पर है। नगर निगम से सम्बंधित शिकायतों का लगातार निराकरण किया जा रहा है लेकिन कुछ समय बाद समस्या फिर हो जाती है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि सफाई से सम्बंधित शिकायतों का स्थायी समाधान निकाला जाएं। जहां लोगों द्वारा कुड़ा किया जा रहा है या जहां लोगों द्वारा मूत्र त्याग किया जा रहा है वहां सौन्दर्यकरण करते हुए ऐसा कार्य किया जाये कि वहां किसी भी प्रकार की गंदगी ना हो सके और उक्त की देखरेख मैट्रो वाले अपने आप करेंगे, मैट्रो से आये अधिकारियों द्वारा उक्त सभी कार्यों पर सहमति जताई गयी। बैठक में जनपद के सभी मट्रों स्टेशनों की निगरानी करने वाले सभी अधकारीगण व समस्याओं के निराकरण से सम्बंधित सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने किया विकास कार्य का शिलान्यास



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 61 वसुंधरा पार्षद शिल्पा चौधरी के अथक प्रयास से वातालोक सोसाइटी की आंतरिक सड़को के सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने नारियल तोडकर किया गया। जिसमे 1800 मीटर सड़क बनायी जाएगी, जिसकी लागत लगभग 14 लाख है कई सालों से सोसाइटी के लोगों मांग थी। लोगों ने पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी का फूल मालाओं से स्वागत किया। उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शहर में सड़कों का जाल बिछने से यातायात सुगम होगा। उन्होंने लोगो से भाजपा की सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर वार्ता लोक सहकारी आवास समिति के अध्यक्ष आरके सिंह , सचिव प्रेमनाथ पांडे ,प्रबंध भगवती प्रसाद, व मंजू रानी ,आकाश चौधरी ,हर्ष चौहान , अरविंद नागर आदि लोग मौजूद रहे।

# उम्मीद संस्था ने किया निः शुल्क पुस्तक बैंक का शुभारंभ

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उम्मीद संस्था ने सुनहरी दिशा चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से राजनगर एक्सटेंशन में निशुल्क पुस्तक बैंक का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्घाटन मुख्य अतिथि बालकिशन गुप्ता, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल एवं रेलवे बोर्ड सदस्य द्वारा रिबन काटकर किया गया। बालकिशन गुप्ता ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि पुरानी पुस्तकों का सदुपयोग कर शिक्षा से वंचित बच्चों के भविष्य को संवारा जा सकता है। उम्मीद संस्था के संस्थापक डॉ. देवेंद्र कुमार नागर और सुनहरी दिशा चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष ज्योति तोमर ने बताया कि निशुल्क पुस्तक बैंक अब तक 16,000 बच्चों को पुस्तकें प्रदान कर चुका है और इस नए केंद्र के खुलने से यह संख्या और बढ़ेगी।



इस अवसर पर प्रेम प्रकाश चीनी और पंडित अशोक भारतीय जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल एवं रेलवे बोर्ड सदस्य ने एक-एक बच्चे को गोद लेकर उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करने की घोषणा की। शुभारंभ के दिन ही 500 से अधिक पुरानी पुस्तकों का संग्रह हुआ। इस कार्यक्रम में नीता भार्गव, हरीश नागर, मास्टर ब्रह्म सिंह, मास्टर बालचंद, प्रोफेसर नरेंद्र सिंह, प्रेम प्रकाश चीनी, बालकिशन गुप्ता, अशोक भारतीय, ज्योति तोमर, और नितिन कुमार सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## जायजा





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यूपीएसआईडीसी के मैनेजिंग डायरेक्टर आईएएस अधिकारी मयूर माहेश्वरी सोमवार को कविनगर इंडस्ट्रियल एरिया पहुंचे। यहां उन्होंने उद्यमी संगठनों के साथ पहले क्षेत्र में भ्रमण किया और मौके पर जायजा लिया। क्यूपीएसआईडीसी के एमडी मयूर माहेश्वरी ने उद्यमियों के साथ बैठक भी की। गाज़ियाबाद इंडस्ट्रीज फेडरेशन के अध्यक्ष अरुण शर्मा ने उद्यमियों की विभिन्न समस्याओं को रखा। अन्य पदाधिकारियों ने भी अपनी बात रखी। एमडी मयूर माहेश्वरी ने उद्यमियों की बातों ओर सुझावों को गौर से सुना । उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पोते को देख कर दादा की खुशी को सहज ही समझा जा सकता है। अमरजीत सिंह बिड्डी के सुपौत्र नक्शराज अगले महीने अपना बर्थडे मनाएंगे। उनके दादा अमरजीत सिंह बिड्डी ने 11 महीने के नक्शराज को एडवांस में आशीर्वाद शुभाशीष दिया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।